YouTube AJJ KA MUDDA

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र

Website : www.aajkamudda.com
Email:muddaaajka@gmail.com

आज का मुद्दा

नोएडा गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

नजर आपकी खबर आपकी

वर्ष : 14 अंक 342 | नोएडा गौतमबुद्धनगर, गुरूवार 26 दिसंबर 2024 | RNI-No. UPHIN/2011/37197 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

विद्युत चोरी रोको विशेष अभियान में अब तक 41595 संयोजन चैक किये गये

उत्तर प्रदेश : प्रबन्ध निदेशक श्रीमती ईशा दुहन आई०ए०एस०, ने बताया कि पश्चिमांचल डिस्काम के अन्तर्गत विद्युत चोरी पर आपेक्षित नियंत्रण लगाने एवं विद्युत लाईन हानियों को कम करने के लिए, चिन्हित किये गये हाई-लॉस फीडरों मे बडे पैमाने पर, विद्युत चोरी रोको अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में आज तक 41595 संयोजन चैक किये गये, जिनमें से 34275 प्रकरण विद्युत चोरी के पकडे गये जिनके विरूद्ध 28738 प्रकरणों पर पुलिस में एफ०आई०आर० दर्ज करायी गयी है एवं रू0 14254.73 लाख का राजस्व निर्धारण की कार्यवाही की गयी है तथा रू0 832.14 लाख की राजस्व वसूली की गयी है।

प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि विद्युत चोरी की रोकथाम हेतु हाई लॉस फीडरों पर, विद्युत चोरी रोको अभियान लगातार जारी है, जिसके अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं तथा विद्युत चोरी पर अंकुश लगने के साथ-साथ राजस्व वसूली में भी बढोत्तरी हुई है।

दिनांक 23 दिसम्बर 2024 को सहारनपुर क्षेत्र के, ढोलीखाल, दरूरसराय, खत्ताखेडी आदि स्थानों पर, विभाग एवं विजिलेन्स तथा पी०ए०सी० की टीम द्वारा मार्निंग रेड डाली गयी, जिनमें 308 संयोजन चैक किये गये जिनमें से 42 मामलों में विद्युत चोरी पकडी गयी, जिनके विरूद्ध पुलिस में एफ०आई०आर० दर्ज करायी गयी है। रेड में लगभग रू0 36 लाख का

राजस्व निर्धारण किया गया।

इसके अतिरिक्त विभाग की रामपुर जिले की टीम ने आज घेर मर्दानखॉन और बग्गी स्थानों पर मार्निंग रेड डाली गयी इस दौरान कुल 215 संयोजना चैक किये जिनमें से 20 प्रकरणों में विद्युत चोरी पकडी गयी जिनके विरूद्ध पुलिस में एफ०आई०आर० दर्ज करायी गयी है। रेड में लगभग रू० 10 लाख का राजस्व निर्धारण किया गया है। जिला रामपुर मे चौक मोहम्मद शहीद स्थान पर विभागीय एवं विजिलेन्स टीम द्वारा चैकिंग अभियान चलाया गया अभियान में 200 संयोजन चैक किये गये जिनमें से 16 प्रकरणों में चोरी पकडी गयी जिनके विरूद्ध एफ०आई०आर० दर्ज करायी गयी है, विभाग द्वारा लगभग रू० 8 लाख का राजस्व निर्धारण किया गया है।

प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि सभी जिलों के अधिकारियों को विद्युत चोरी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होनें उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि विद्युत चोरी से संबंधित प्रकरण नजर में आते ही, विभाग को सूचित करें। उपभोक्ता विद्युत चोरी से संबंधित सूचना विद्युत चोरी हैल्प लाईन न० 1912 अथवा टोल फ्री नं0 1800-180-3002 पर भी दे सकते हैं जिससे की ऐसे अराजक तत्वों को, कतिपय पकडा जा सके और विभाग को विद्युत चोरी से होने वाली वित्तीय हॉनि से बचाया जा सके।

संक्षिप्त समाचार

सीएम उमर के लिए खरीदी जाएंगी 3 करोड़ की कारें

- पूर्व मेयर बोले-विधायकों को सैलरी नहीं मिल रही, इनकी राजशाही कम नहीं हो रही

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के लिए 7 फॉर्च्यूनर और 1 रेंज रोवर कार खरीदी जाएंगी। इन 8 कारों की कुल कीमत 3 करोड़ रुपए होगी। इनमें से 4 गाड़ियां सीएम के अलग-अलग दौरे के लिए दिल्ली में रखी जाएंगी, जबकि

2 कार श्रीनगर और 2 कार जम्मू में रखी जाएंगी। राज्य सरकार की ओर से इसकी मंजूरी दे दी गई है। इसे लेकर श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद मट्टू ने कहा है कि एक तरफ विधायकों को पहली सैलरी नहीं मिली है, वहीं, दूसरी तरफ उमर अब्दुल्ला की राजशाही कम नहीं हो रही। मट्टू ने एक्स पर लिखा- माननीय ड्यूक ऑफ एसेक्स के लिए 7 नई टोयोटा फॉर्च्यूनर और एक नई व्यक्तिगत रेंज रोवर डिफेंडर है। सीएम के काफिले में अब सिर्फ डल झील पर एक विमान और एक यॉट की कमी है। जम्मू-कश्मीर का दर्जा कम हुआ है, लेकिन अब्दुल्ला राजशाही का नहीं।

संभल जिले के चंदौसी में बावड़ी की खुदाई जारी

- एएसआई ने कार्बन डेटिंग शुरू की, गलियारे भी मिले

संभल (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के संभल स्थित मोहल्ला लक्ष्मणगंज प्राचीन बावड़ी कुएं का सर्वे करने बुधवार सुबह एएसआई की टीम पहुंची। पांचवे दिन भी बावड़ी की खुदाई का कार्य जारी है। एएसआई टीम ने मीडिया से दूरी बनाते हुए बावड़ी कुएं की सुरंग में कार्बन डेटिंग का कार्य शुरू कर दिया है। कुएं की फोटो और वीडियोग्राफी शुरू कर दी है। इसके बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि एएसआई

की टीम बांके बिहारी मंदिर भी पहुंच सकती है। संभल की कोतवाली चंदौसी के मोहल्ला लक्ष्मणगंज में स्थित प्राचीन बावड़ी को लेकर यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि राज परिवार अपने और सैनिकों के लिए इसका इस्तेमाल करता था। दावा किया जा रहा है कि पुराने समय में यह स्थान बिलारी की सहसपुर स्टेट की मिलकियत थी। वहीं उक्त संपत्ति पर काबिज हुए स्टेट परिवार की रिश्तेदार शिप्रा गेरा ने पत्रकारों को बताया था कि राजशाही के दौर में इसका प्रयोग यहां सैनिकों के लिए किया जाता था। सहसपुर से अब बदायूं जनपद आने वाले स्टेट के नियंत्रण वाले गावों तक जाते समय सैनिक चंदौसी रुका करते थे। वहीं राज परिवार के लोग भी अपनी यात्रा के दौरान यहां रुका करते थे।

प्रयागराज महाकुंभ से पहले 'डरेंगे तो मरेंगे' के होर्डिंग्स

- जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य ने लगवाए पोस्टर, लिखा-सभी हिन्दुओं में एकता हो

प्रयागराज (एजेंसी)। यूपी में 'बंटेंगे तो कटेंगे' के बाद अब नया पोस्टर सामने आया है। प्रयागराज में बुधवार को महाकुंभ से पहले 'डरेंगे तो मरेंगे' के होर्डिंग लग गए हैं। ये होर्डिंग जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य की ओर से नागावासुकी मंदिर के सामने लगवाए गए हैं। वहीं, दूसरे पोस्टर में सभी हिन्दुओं में

एकता हो, वक्फ के नाम पर संपत्ति की लूट है, धर्मनिरपेक्ष देश में यह कैसी छूट है। लिखा गया है। जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य की ओर से लगवाए गए होर्डिंग के बैकग्राउंड में बंद मुट्ठी वाली तस्वीर की परछाई दिख रही है। इसके जरिए सनातन धर्मियों को एकजुट होने की नसीहत दी गई है। जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य की ओर से महाकुंभ के एक किलोमीटर के एरिया में करीब 25 होर्डिंग्स लगवाए गए हैं। इन होर्डिंग के बाद से साधु-संतों के साथ ही वहां के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 22 सितंबर को पहली बार इस नारे का इस्तेमाल किया।

प्रधानमंत्री ने केन-बेतवा लिंक परियोजना का किया शिलान्यास

कहा-ऐसी योजनाओं का श्रेय अंबेडकर को, कांग्रेस ने कभी उन्हें क्रेडिट नहीं दिया

खजुराहो (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खजुराहो में बुधवार को केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वाजपेयी पर डाक टिकट जारी किया गया। प्रधानमंत्री ने यहां अपनी स्पीच की शुरुआत बुंदेलखंडी में की। कहा- वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पर रहवे वारे सभी जनन को हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पहुंचे। उन्होंने अपनी स्पीच में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. भीम राव अंबेडकर का जिक्र किया। उन्होंने कहा, देश में पानी से जुड़ी योजनाओं का क्रेडिट अंबेडकर को जाता है, लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहेब को इसका श्रेय नहीं दिया, लोगों को पता भी नहीं चलने दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, एमपी में आज हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। आज बहुत प्रेरणादायी दिन है। आज अटलजी की जन्म जयंती है। आज उनके जन्म के 100 साल हो रहे हैं। उन्होंने मुझ जैसे कई कार्यकर्ताओं को सिखाया है। देश के विकास में अटलजी का योगदान हमारे स्मृति पटल पर अटल रहेगा। पीएम ने कहा, भारत में जो बड़ी नदी परियोजनाएं बनीं, इनके पीछे डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का ही विजन था। आज जो केंद्रीय जल आयोग है इसके पीछे भी डॉ. अंबेडकर के ही प्रयास थे, लेकिन कांग्रेस ने कभी जल संरक्षण के प्रयासों और बांधों के लिए बाबा साहेब को क्रेडिट नहीं दिया। किसी को पत भी नहीं चलने दिया। मोदी ने नेहरू का नाम नहीं लिया पर इशारा देते हुए बोले, पानी के लिए दूरदर्शी आयोजन पर सोचने का क्रेडिट एक ही व्यक्ति (जवाहर लाल नेहरू) को देने के नशे में सच्चे सेवक को भुला दिया गया।

विकसित भारत बनाने में बुंदेलखंड का बड़ा योगदान होगा

पीएम ने कहा, बीते दो दशकों में मध्यप्रदेश ने अनेक पैमानों में शानदार काम किया। आने वाले दशकों में मप्र देश की टॉप इकोनॉमी में से एक होगा। इसमें बुंदेलखंड की बहुत बड़ी भूमिका होगी। विकसित भारत के लिए विकसित मप्र बनाने में बुंदेलखंड का बहुत बड़ा योगदान होगा। पीएम मोदी ने कहा, आज सांची और अन्य बौद्ध स्तंभा को बौद्ध सर्किट से जोड़ा जा रहा है। गांधी सागर, ओंकारेश्वर डैम, इंदिरा सागर डैम, भेड़ाघाट, बाण सागर डैम ईको सर्किट का हिस्सा है। खजुराहो, ग्वालियर, ओरछा, चंदेरी, मांडू ऐसे स्थलों को हैरिटेज सर्किट के रूप में कनेक्ट किया जा रहा है। पन्ना नेशनल पार्क को भी वाइल्ड लाइफ सर्किट से जोड़ा गया है। टाइगर रिजर्व में बीते वर्ष ढाई लाख पर्यटक आए हैं। यहां जो लिंक नहर बनाई जाएगी, उसमें पन्ना टाइगर रिजर्व के जीवों का भी ध्यान रखा गया है। पर्यटन बढ़ाने के प्रयास स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ी ताकत देते हैं। पीएम ने कहा, भारत जब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है, तो दुनिया में भारत को लेकर जिज्ञासा बढ़ी है। दुनिया भारत को जानना चाहती है।

कुशासन का अंत सुशासन हमारा सबसे बड़ा संकल्प

- राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने किया अटल प्रतिमा का लोकार्पण
- रक्षा मंत्री बोले, अटल सरकार में पहली बार 8.4 फीसदी विकास दर

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। अटल प्रतिमा राजधानी लखनऊ में गोमती किनारे कुड़ियाघाट पर स्थापित की गई है। रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने प्रतिमा का

निर्माण करने वाले अमरपाल सिंह को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अटल संकल्प की प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एमएलए नीरज बोरा ने किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन में सुशासन दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अटल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

अर्क मीडिया कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे

आज का मुद्दा

गौतम बुद्ध नगर : नोएडा स्थित अर्क मीडिया कार्यालय में क्रिसमस डे समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें कार्यालय कर्मियों द्वारा क्रिसमस ट्री को सुंदर तरीके से सजाया गया तथा साथी कर्मियों को गिफ्ट देकर इस कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

अर्क मीडिया कार्यालय इ 21 सेक्टर 58 नोएडा में क्रिसमस डे समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें कंपनी की डायरेक्टर स्मिता अग्रवाल ने सभी कार्यालय कर्मियों के साथ क्रिसमस डे समारोह को और अधिक सुंदर बना दिया इस अवसर पर बोलते हुए अर्क मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर स्मिता अग्रवाल ने कहा कि भगवान यीशु से प्रार्थना करते हैं कि सभी कार्यालय कर्मियों को विशेष आशीर्वाद दें तथा उनकी खुशी दिन-रात यूं ही बढ़ती रहे साथी उन्होंने सभी कर्मचारियों से कार्यालय के प्रति सजग और अधिक मेहनत करने की सलाह दी ।

क्रिसमस डे कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यालय कर्मियों को अच्छा भोजन और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में अर्क मीडिया के डायरेक्टर स्मिता अग्रवाल के साथ-साथ महेंद्र शर्मा विपुल जैन अंकित शर्मा राजेश हेमंत राजपूत अमन जी विनय जी सूरज नाथ भगत मनोज चौधरी धर्मेंद्र जेपी न्यूज के संपादक जयप्रकाश सिंह समाचार 24 के विशेष संवाददाता मुकेश गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार गिरीश नारायण सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे साथ ही कार्यालय का समस्त स्टाफ भी क्रिसमस डे कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ।

मजबूत होते भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंध

सुनील कुमार महला

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने निस्संदेह कुवैत व भारत के संबंधों को ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है।उनकी यह यात्रा निश्चित ही खाड़ी क्षेत्र में एक जिम्मेदार साझेदार के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करेगी। सच तो यह है कि भारतीय प्रधानमंत्री का कुवैत दौरा भारत और खाड़ी देशों के बीच बढ़ते संबंधों की यात्रा में एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। यह दौरा कूटनीति, व्यापार और समुदाय संवाद की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है जो भारत और कुवैत के द्विपक्षीय रिश्तों को जहां एक ओर मजबूती प्रदान करेगा वहीं दूसरी ओर यह दोनों देशों के बीच भविष्य में सहयोग की रूपरेखा भी तय करेगा।

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक कुवैत यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूती मिली है।चार दशक से अधिक समय में इस खाड़ी देश(कुवैत) की यात्रा करने वाले नरेंद्र मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो वर्ष 1981 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद यह यात्रा 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली कुवैत यात्रा थी। भारत और कुवैत के संबंध हमेशा से ही मैत्रीपूर्ण रहे हैं और वर्ष 1961 में जब कुवैत अंग्रेजी शासन से आजाद हुआ, तब भारत उसके साथ संबंध बनाने वाले शुरूआती देशों में शामिल था। कहना गलत नहीं होगा कि लंबे समय बाद भारत के प्रधानमंत्री की कुवैत यात्रा से भारत का पश्चिमी एशियाई जुड़ाव और अधिक सुनिश्चित तथा मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी और कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जाबेर अल- सबा की बातचीत से यह उजागर हुआ है कि भारत और कुवैत कूटनीतिक और आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर और तैयार हैं।

इस यात्रा के दौरान भारत के प्रधानमंत्री मोदी को कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर' से सम्मानित किया जाना दोनों देशों के पारस्परिक सम्मान का सूचक है। वास्तव में यह कदम दोनों देशों के रिश्तों की गहराई और महत्व को दशार्ता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, परस्पर सौहार्द और सहयोग की भावना इनके बीच गहरी रणनीतिक साझीदारी का रास्ता खोलते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुवैत यात्रा आर्थिक संबंधों के साथ ही सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। वास्तव में, अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने ऐसे अनेक लोगों से मुलाकात की जिन्होंने भारत-कुवैत संबंधों को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनमें अब्दुल्ला अल-बारून भी शामिल हैं, जिन्होंने एक अनुवादक के रूप में भारतीय महाकाव्यों 'रामायण' एवं

'महाभारत' का अरबीभाषियों के लिए अनुवाद किया है। सच तो यह है कि भारत के प्रधानमंत्री की हालिया कुवैत यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के एक नए युग की शुरूआत की है। इस दौरान दोनों देशों के बीच हुए समझौते और रणनीतिक सहमतियां पूरे क्षेत्र की स्थिरता के लिहाज से भी अहम हैं। महत्वपूर्ण है कि कुवैत यात्रा के दौरान भारत और कुवैत के बीच रक्षा, खेल, संस्कृति और सौर क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को निश्चित ही और अधिक मजबूती और प्रगाढ़ता प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि कुवैत भारत का प्रमुख तेल आपूर्तिकर्ता रहा है और आज भी है। आंकड़े बताते हैं कि कुवैत, भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है, जो देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को तीन प्रतिशत तक पूरा करता है।

यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि इससे यह आपूर्ति सुरक्षित होने के साथ ही खाड़ी क्षेत्र में भारत की समग्र ऊर्जा सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही साथ, कुवैत के साथ रक्षा सहयोग भारत की 'ऐक्ट बेस्ट नीति' को भी निश्चित ही मजबूती प्रदान करेगा। आज कुवैत में बहुत से भारतीय निवास करते हैं और वहां की सामाजिक संरचना में भारतीयों का स्थान प्रवासियों के रूप में बहुत ही महत्वपूर्ण है। भारतीयों ने कुवैत को इंजीनियरिंग व शिक्षा, मेडिकल समेत अनेक क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण और अहम् योगदान दिया है। कुवैत भी बरसों-बरसों से भारत का एक महत्वपूर्ण ऊर्जा सप्लायर रहा है, जबकि अनेक भारतीय विशेषज्ञ और भारतीय श्रमशक्ति कुवैत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी बीच, कुछ समय पहले ही कुवैत नेशनल रेडियो द्वारा साप्ताहिक हिंदी रेडियो कार्यक्रम की शुरूआत किया जाना निश्चित रूप से यह दशार्ता है कि कुवैत के लिए प्रवासी भारतीय कितने महत्वपूर्ण और अहम् हैं। इतना ही नहीं, गत जून में कुवैत की एक इमारत में आग लगने से हुई भारतीयों की मौतों के बाद कुवैत ने जिस तरह का सहयोग दिया, वह भी दोनों देशों के मजबूत संबंधों को ही दशार्ता है।

अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रवासियों को बेहतर वाणिज्यिक सेवाओं और श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा का सकारात्मक व ठोस आश्वासन दिया है, जो विदेशों में अपने नागरिकों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। निश्चित ही इससे कुवैत में प्रवासी भारतीयों के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि पीएम मोदी की इस ऐतिहासिक दो दिवसीय कुवैत यात्रा के दौरान भारत और कुवैत ने संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाने पर सहमति जताई है और रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को नियमित बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह और भी अधिक महत्वपूर्ण है कि ऊर्जा सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया है कि वे अपने-अपने देशों की कंपनियों को तेल और गैस के अन्वेषण तथा उत्पादन, रिफाइनिंग, इंजीनियरिंग सेवाओं, और 'पेट्रोकेमिकल' उद्योगों में सहयोग बढ़ाने के लिए समर्थन प्रदान करेंगे।

अंत में, यही कहूंगा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने निस्संदेह कुवैत व भारत के संबंधों को ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है।उनकी यह यात्रा निश्चित ही खाड़ी क्षेत्र में एक जिम्मेदार साझेदार के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करेगी। सच तो यह है कि भारतीय प्रधानमंत्री का कुवैत दौरा भारत और खाड़ी देशों के बीच बढ़ते संबंधों की यात्रा में एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। यह दौरा कूटनीति, व्यापार और समुदाय संवाद की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है जो भारत और कुवैत के द्विपक्षीय रिश्तों को जहां एक ओर मजबूती प्रदान करेगा वहीं दूसरी ओर यह दोनों देशों के बीच भविष्य में सहयोग की रूपरेखा भी तय करेगा।

संपादकीय

प्रत्यर्पण पर सवाल

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत को एक कूटनीतिक संदेश भेज कर अब्दुस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है। भारत और बांग्लादेश के बीच 2013 में सीमाओं पर उग्रवाद और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रत्यर्पण संधि हुई थी। दोनों देशों ने वांछित भगोड़ों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया को और अधिक सहज बनाने के उद्देश्य से 2016 में संधि को संशोधित किया। लेकिन दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि लागू होने का यह अर्थ नहीं है कि भारत शेख हसीना को अभियोजन का सामना करने के लिए बांग्लादेश की सरकार को सौंप देगा। इस संधि में से प्रावधान हैं, जिसके आधार पर भारत शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को ठुकरा सकता है। संधि का अनुच्छेद 8 में यह प्रावधान है कि यदि आरोप भले ही राजनीतिक प्रकृति का है, लेकिन न्याय के हित में सद्भावना पूर्ण नहीं लगाया गया है अथवा यदि इसमें सैन्य अपराध शामिल हैं, जिन्हें सामान्य अपराधी कानून संहिता के तहत अपराध नहीं माना जाता है तो इस स्थिति में प्रत्यर्पण की मांग को अस्वीकार किया जा सकता है। भारत को इस आधार पर शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को अस्वीकार कर देना चाहिए। वास्तव में बांग्लादेश का वर्तमान सत्ता तंत्र स्वयं में वैध नहीं है। वहां अगस्त की शुरूआत में छात्रों को मोहरा बनाकर इस्लामी कट्टरपंथियों ने शेख हसीना की सरकार को अवैध तरीके से बेदखल कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम में अमेरिका, पश्चिमी देश और वहां की सेना ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कहने के लिए अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस एक उदारवादी और लोकतांत्रिक व्यक्ति हैं, लेकिन वास्तविक अर्थों में वह एक कठपुतली हैं जो इस्लामी कट्टरपंथियों के इशारे पर नाच रहे हैं। आज के आधुनिक युग में लोकतंत्र के प्रतिष्ठित मूल्य समानता, धर्मनिरपेक्षता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आदि में धार्मिक कट्टता का कोई स्थान नहीं है। जिन कट्टरपंथी तत्वों से बांग्लादेश की वर्तमान सत्ता निर्मित हुई है उसे हतोत्साहित किया जाना चाहिए। बांग्लादेश की धार्मिक अल्पसंख्यक विरोधी रु झान ने आखिर में अमेरिका की भी चिंता बढ़ा दी है। वहां के सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने यूनुस से हिन्दुओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा को तुरंत रोकने का आग्रह किया है। ये सभी ऐसे कारण हैं जो हसीना के प्रत्यर्पण को ठुकराने के पर्याप्त आधार उपलब्ध कराते हैं।

चिंतन-मनन

मुक्ति की तलाश

जापान में नानहेन नामक एक परम ज्ञानी फकीर थे। एक दिन एक व्यक्ति उनके पास पहुंचकर बोला, मैं संन्यास लेना चाहता हूं। इसके लिए मैंने अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सब को तिलांजलि दे दी है। फकीर ने पूछा, क्या तुम बिल्कुल अकेले हो? तुम्हारे साथ वास्तव में कोई नहीं है। व्यक्ति बोला, आप मेरे आगे-पीछे देख लीजिए, आपको कोई नहीं मिलेगा। फकीर बोले, अपनी आंखें बंद करो। अंदर झांककर देखो कि वहां कोई और तो नहीं है? जाओ, कुछ देर के लिए वटवृक्ष की छाया में बैठकर सोचो। थोड़ी देर बाद आना।

वह व्यक्ति वटवृक्ष की छाया में बैठकर ध्यान करने लगा। जब उसने आंखें बंद कीं तो उसे अपने वृद्ध माता-पिता, पत्नी और बच्चों की छवि नजर आने लगी। वह चिंतित हो गया। घबराकर उसने अपनी आंखें खोलीं तो फकीर को अपने पास खड़ा पाया। व्यक्ति ने कहा, मैं तो अपना परिवार, नाते-रिश्ते सब पीछे छोड़ आया था, लेकिन यहां पर आंखें बंद करते ही उनकी छवि सामने घूम रही है। इस पर फकीर बोले, ध्यानमग्न होकर उन व्यक्तियों को अपने दिमाग से निकालने का प्रयत्न करो। कुछ देर बाद मेरे पास आना। दो घंटे बाद युवक ने फकीर का दरवाजा खटखटाया तो फकीर बोले, कौन है? युवक बोला, मैं हूं। फकीर ने कहा, अभी भी तुम अकेले नहीं हो। तुम्हारा मैं तुम्हारे साथ है। अगर तुम इस मैं और भीड़ को छोड़ सको तो फिर यहां आने की जरूरत ही नहीं रह जाएगी। तुम मैं से मुक्ति पा लो तो फिर संन्यास लेने का भी कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। व्यक्ति ने फकीर की बात समझ ली।

श्याम बेनेगल का जाना नये सिनेमा का अंत

ललित गर्ग

बालीवुड में समानांतर सिनेमा के जनक, 'मंथन' से लेकर 'वेलडन अब्बा' तक जिनके फिल्मी सफर को एक युग कहा जा सकता है, बेहद कलात्मक, बेहद संजीदा, बेहद संवेदनशील, ऐसे बेमिसाल फिल्मकार श्याम बेनेगल का 90 वर्ष की उम्र में जाना अत्यंत दुखद ही नहीं है, एक सार्थक भारतीय सिनेमा एवं गौरवशाली टेलीविजन युग का अंत है। दादा साहब फाल्के के अलावा सात राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित बेनेगल ने हिंदी सिनेमा को नसीरूद्दीन शाह, ओमपुरी, स्मिता पाटिल, अमरीश पुरी, अनंत नगा जैसे प्रख्यात कलाकार दिए। उनकी फिल्मों के साथ भारतीय सिनेमा का एक नया और अविस्मरणीय दौर शुरू हुआ, जिसने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई प्रदान की। पिता के कैमरे से 12 साल की उम्र में पहली फिल्म बनाने वाले बेनेगल ने उस समय अहसास कराया कि भारतीय सिनेमा में एक विराट प्रतिभा मोर्चा संभाल चुकी है, जिसके काम की गूंज उनकी जीवन में ही नहीं, बल्कि भविष्य में लम्बे समय तक देश और दुनिया को सुनाई देगी। जब-जब हमने बहुत ठहरकर, बहुत संजीदगी के साथ उनके काम को देखा तो अनायास ही हमें महसूस हुआ कि वे अपने आप में कितना कुछ समेटे हुए थे, अद्भुत, यादगार एवं विलक्षण। सिनेमा दर्शकों का ऐसे महान् फिल्मकार की फिल्मों से अनभिज्ञ रहना इस संसार में रहते हुए भी सूर्य, चन्द्रमा एवं तारों को न देखने जैसा है।

श्याम बेनेगल का जन्म 14 दिसम्बर 1934 को हैदराबाद में हुआ। हैदराबाद की ओसमानिया यूनिवर्सिटी से इकोनोमिक्स में एमए करने के बाद बेनेगल ने आगे जाकर हैदराबाद फिल्म सोसायटी की स्थापना की। उनका संबंध कोंकणी बोलने वाले चित्रपुर सारस्वत परिवार से था। उनका असली नाम श्याम सुंदर बेनेगल था। श्याम बेनेगल की शादी नीरा बेनेगल से हुई थी और उनकी एक बेटी पिया बेनेगल है, जो एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं, जिन्होंने कई फिल्मों के लिए भी काम किया है। श्याम ने बचपन में ही अपने फोटोग्राफर पिता श्रीधर बी. बेनेगल के कैमरे से पहली फिल्म शूट की थी। 1962 में उन्होंने पहली डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'घर बैठा गंगा' बनाई, जो गुजराती में थी। बेनेगल को भारत सरकार द्वारा 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनकी सफल फिल्मों में मंथन, जुबैदा और सरदारी बेगम शामिल हैं। जिनमें जीवन के कठोर यथार्थ को बेनेगल ने सिनेमा-शिल्प में, महीन अर्थवत्ता के साथ नाटकीयता के धनीभूत आशयों में अभिव्यक्ति दी, प्रस्तुति दी है। उनकी फिल्मों में एक ऐसी सार्वजनीनता है, जो धनी-निर्धन, शिक्षित-अशिक्षित, देशी-विदेशी सभी को बहुत भीतर तक स्पर्श करती रही है।

श्याम बेनेगल की आखिरी फिल्म 'मुजीबः द मेकिंग ऑफ ए नेशन' थी, जिसका उन्होंने निर्देशन किया था। इस फिल्म ने भारत ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश में भी सुर्खियां बटोरीं। यह फिल्म बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान पर आधारित थी, जो बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी थे। उनकी जिंदगी पर बनी फिल्म ने बांग्लादेश में 2024 में तख्तापलट करवा दिया था और शेख हसीना को इस्तीफा देना पड़ा था। यह फिल्म दिखाती है कि मुजीबुर्रहमान के राजनीतिक सफर की शुरूआत कैसे हुई थी, उन्होंने किस तरह बांग्लादेश की स्वाधीनता के लिए काम किया। इस फिल्म को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम और बांग्लादेश फिल्म विकास निगम ने मिलकर बनाया था। यह फिल्म जहां एक राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को प्रस्तुति दी, वहीं दो राष्ट्रों के आपसी संबंधों को भी गहराई से उजागर किया। इस फिल्म को बंगाली के साथ-साथ हिन्दी भाषा में भी रिलीज किया गया था। इस फिल्म का एलान करते हुए बेनेगल ने बताया था कि शेख मुजीबुर्रहमान के जीवन को पर्दे पर उतारना उनके लिए एक कठिन काम रहा है। उन्होंने कहा था, यह फिल्म मेरे लिए एक बहुत ही भावनात्मक फिल्म है। मुजीब के किरदार को बेबाकी से पेश किया है, वे भारत के बहुत अच्छे दोस्त रहे। उनकी यह फिल्म ही नहीं, बल्कि हर फिल्म ने एक इतिहास निर्मित किया। क्योंकि यह उनकी ही प्रतिभा थी कि वे लगातार काम करने की रणनीतियों में बदलाव लाते रहे और फिल्म-निर्माण को एक विराट फलक तक ले जाते रहे। भारतीय सिनेमा के लगभग सौ साला इतिहास में बेनेगल एक बड़े वटवृक्ष की भांति दिखाई देते हैं।

भारतीय सिनेमा को विश्व में नई और अद्वितीय पहचान दिलाने में बेनेगल का अविस्मरणीय योगदान था। बेनेगल की पहली चार फीचर फिल्मों- अंकुर (1973), निशांत (1975), मंथन (1976) और भूमिका (1977)- ने उन्हें उस दौर की नई लहर फिल्म आंदोलन का अग्रणी बना दिया। बेनेगल की मुस्लिम महिला पर आधारित फिल्में मम्मो (1994), सरदारी बेगम (1996) और जुबैदा (2001) सभी ने हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते। 1959 में, उन्होंने मुंबई स्थित विज्ञापन एजेंसी लिंटास एडवरटाइजिंग में कॉपीराइटर के रूप में काम करना शुरू किया, जहाँ वे धीरे-धीरे क्रिएटिव हेड बन गए। 1963 में एक अन्य विज्ञापन एजेंसी के साथ कुछ समय तक काम किया। इन वर्षों के दौरान, उन्होंने 900 से अधिक प्रायोजित वृत्तचित्र और विज्ञापन फिल्मों का निर्देशन किया। 1966 और 1973 के बीच बेनेगल ने पुणे स्थित भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान में पढ़ाया और दो बार संस्थान के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उनके शुरूआती वृत्तचित्रों में से एक 'ए चाइल्ड ऑफ द स्ट्रीट्स' (1967) ने उन्हें व्यापक प्रशंसा दिलाई। कुल मिलाकर, उन्होंने 70 से अधिक वृत्तचित्र और लघु फिल्में बनाई हैं।

बेनेगल ने 1992 में धर्मवीर भारती के एक उपन्यास पर आधारित सूरज का सातवां घोड़ा फिल्म बनाई, जिसने 1993 में हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। 1996 में उन्होंने फातिमा मीर की ह्यद अप्रेंटिसशिप ऑफ ए महात्माह्ल पर आधारित पुस्तक द मेकिंग ऑफ द महात्मा पर आधारित एक और फिल्म बनाई। उनके जीवनी सामग्री की ओर इस मोड़ के परिणामस्वरूप नेताजी सुभाष चंद्र बोसः द फॉरगॉटन हीरो, उनकी 2005 में अंग्रेजी भाषा की फिल्म बनी। उन्होंने समर (1999) में बनी फिल्म में भारतीय जाति व्यवस्था की आलोचना की, जिसने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। बेनेगल की फिल्म मंडी (1983), राजनीति और वेश्यावृत्ति के बारे में एक व्यंग्यपूर्ण कॉमेडी थी, जिसमें शबाना आजमी और स्मिता पाटिल ने अभिनय किया था। बाद में, 1960 के दशक की शुरूआत में गोवा में पुर्तगालियों के अंतिम दिनों पर आधारित अपनी कहानी पर काम करते हुए, श्याम ने त्रिकाल (1985) में मानवीय रिश्तों की खोज की। इन फिल्मों की सफलता के बाद, बेनेगल को स्टार शशि कपूर का समर्थन मिला, जिनके लिए उन्होंने जुनून (1978) और कलयुग (1981) बनाई। पहली फिल्म 1857 के भारतीय विद्रोह के अशांत काल के बीच की एक अंतरजातीय प्रेम कहानी थी, जबकि दूसरी महाभारत पर आधारित



थी और यह बड़ी हिट नहीं थी, हालांकि दोनों ने क्रमशः 1980 और 1982 में फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीते। हजारों अविस्मरणीय किरदार और जिंदगी की असंख्य सच्चाइयों को खोलती उनकी फिल्में भारतीय सिनेमा की एक अमूल्य धरोहर है।

एक समय ऐसा आया जब बेनेगल की फिल्मों को उचित रिलीज नहीं मिली। इसके चलते हुए उन्होंने टीवी की ओर रुख किया जहां उन्होंने भारतीय रेलवे के लिए यात्रा (1986) जैसे धारावाहिकों का निर्देशन किया और भारतीय टेलीविजन पर किए गए सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक, जवाहरलाल नेहरू की पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया पर आधारित 53-एपिसोड का टेलीविजन धारावाहिक 'भारत एक खोज' (1988) का निर्देशन किया। इसी तरह टीवी सीरीयल 'संविधान','कहता है जोकर' एवं 'कथा सागर' का निर्देशन भी किया। इससे उन्हें एक अतिरिक्त लाभ हुआ, क्योंकि वे 1980 के दशक के अंत में धन की कमी के कारण नया सिनेमा आंदोलन के पतन से बचने में कामयाब रहे, जिसके साथ कई नव-यथार्थवादी फिल्म का निमार्ता खो गया। बेनेगल ने अगले दो दशकों तक फिल्में बनाना जारी रखा।

श्याम बेनेगल की फिल्म-प्रतिभा हमें चौंकाती रही है, रोमांचित करती रही है, उकसाती रही है, क्योंकि उनकी फिल्मों की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वे आम लोगों के जीवन की सच्चाई और उनके संघर्षो को प्रामाणिकता एवं जीवंतता के साथ प्रस्तुत करते रहे हैं। भारतीय जिंदगी के रंग बेशुमार है, कला-संस्कृति की अविस्मरणीय धाराएं हैं, अनूठा एवं बेजोड़ इतिहास और उसकी कहानियां भी अनंत-अथाह। बेनेगल का फिल्मी-युग भारत की खिड़की से विश्व को देखने एवं विश्व को भारत दिखाने की पहल का एक स्वर्णिम युग है। भारतीय सिनेमा दिग्दर्शन के इस विशिष्ट हस्ताक्षर श्याम बेनेगल के निधन से निश्चित ही एक सर्जनशील कलासाधक एवं सच्चाई को रूपहले पर्दे पर उतारने वाले सफल एवं सार्थक फिल्मकार का अंत हो गया।

'वीर बाल दिवस' शहादत की स्मृति

हेमेन्द्र क्षीरसागर

गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जनवरी 2022 को यह घोषणा की थी कि, 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति और सम्मान में राष्ट्रीय 'वीर बाल दिवस' मनाया जाएगा। उल्लेखनीय रहे मुगल शासनकाल के दौरान पंजाब में सिखों के 10 वें गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटे थे। गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की। धार्मिक उत्पीड़न से लोगों की रक्षा करने के उद्देश्य से इसकी स्थापना की गई थी। श्री गुरु गोबिंद सिंह चार बेटेः अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह, सभी खालसा का हिस्सा थे। उन चारों को 19 वर्ष की आयु से पहले मुगल सेना द्वारा मार डाला गया था। गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने हिंदु धर्म और अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। बलिदान हिंदु धर्म के लिए सदा-सर्वदा स्मरणीय रहेगा।

स्तुत्य, यह उनके शौर्य, साहस और बलिदान की गाथा को याद करने का भी ह्यवीर बाल दिवसह्ल यह जानने का भी अवसर है। कि कैसे उनकी निर्मम शहीदी हुई और धर्म रक्षा, त्याग, समर्पण कैसा रहा? साहिबजादे जोरावर सिंह (9) और फतेह सिंह (7) सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। सम्राट औरंगजेब के आदेश पर मुगल सैनिकों द्वारा आनंदपुर साहिब को घेर लिया गया। इस घटना में श्री गुरु गोबिंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें यातना और मारने की पेशकश की गई थी। इस पेशकश को उन दोनों ने ठुकरा दिया जिस कारण उन्हें मौत की सजा दी गई और उन्हें जिंदा ईंटों की दीवार में चुनवा दिया गया। बाबा अजीत सिंह (17 वर्ष) और बाबा जुझार सिंह (13 साल) साका चमकौर साहिब में लड़ते, हंसते शहीद हुए थे। इन शहीदों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी। शहीदी से ही धर्म, आस्था का यशोगान है।

प्रादुर्भाव, श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के सबसे छोटे पुत्र, साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह जी का जन्म आनंदपुर साहिब में हुआ था। चमकौर की लड़ाई के दिन, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह और उनकी दादी को मोरिंडा के अधिकारियों जानी खान और मनी खान रंगहर ने हिरासत में ले लिया। अगले दिन उन्हें सरहिंद भेज दिया गया जहाँ उन्हें किले के ठंडे बुर्ज (ठंडा बुर्ज) में रखा गया। फिर बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को फौजदार नवाब वजीर खान के सामने पेश किया गया। फिर उसने उन्हें मौत की धमकी दी, लेकिन वे बेखौफ रहे। अंत में मौत की सजा सुनाई गई।

वीरगति, उन्हें दीवार में जिंदा चुनवा देने का आदेश दिया गया। जैसे ही उनके कोमल शरीर के चारों ओर की चिनाई छाती की ऊंचाई तक पहुंची, वह ढह गई। साहिबजादों को रात के लिए फिर से ठंडे टॉवर में भेज दिया गया। 26 दिसंबर 1705 को बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को दीवार में जिंदा चुनवाकर शहीद कर दिया गया। सरहिंद के पुराने शहर के पास स्थित इस भाग्यशाली घटना स्थल को अब फतेहगढ़ साहिब नाम दिया गया है, जहाँ अब पावन चार सिख तीर्थस्थल हैं। अलौकिक शहीदी, धर्म, न्याय, देश और मानव कल्याण, प्रेरणास्पद और अनुकरणीय है। शत-शत नमन! (पत्रकार व लेखक)

आज का मुद्दा समाचार पत्र का प्रत्येक अंक मां गंगा और सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 62 नोएडा के चरणों में समर्पित : स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक मनोज वत्स द्वारा वत्स ऑफसेट मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित करा कर मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया मुख्य संपादक के.जी.शर्मा **RNI.NO.UPHIN/2011/37197**, 9310549614
किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

ऑटो रिक्शा पलटने से बुजुर्ग महिला की मौत

आज का मुद्दा

नोएडा। सेक्टर-40 में तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा पलटने से उसमें सवार 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। चालक और तीन अन्य सवारी भी हादसे में मामूली घायल हुई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद अन्य घायलों को अस्पताल से घर भेज दिया गया है। इस मामले में मृतक महिला के बेटे ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के वजीरपुर निवासी महेंद्र ने बताया कि मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब उनकी 65 वर्षीय मां रामश्री ऑटो रिक्शा में सवार होकर दिल्ली से ग्रेटर नोएडा जा रही थीं। रिक्शे में तीन अन्य सवारियां बैठी हुई थीं। आरोप है कि बिना नंबर प्लेट के ऑटो का चालक बेहद लापरवाही और तेजी से वाहन चला रहा था। ऑटो जब सेक्टर-40 के पास पहुंचा तभी पलट गया। तेज रफ्तार रिक्शा पलटने से रामश्री गंभीर रूप से घायल हो गईं। अन्य सवारी इस दौरान बाहर निकल आई। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग महिला को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग महिला के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई थी। हादसे में चालक को भी चोट लगी है। मृतक महिला के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई थी। ऑटो रिक्शा भी हादसे में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

स्वामी शांतानंद महाराज के 28 वें महानिर्वाण दिवस पर हुआ संत समागम

आज का मुद्दा

(अमित कुमार) जहांगीराबाद :- जहांगीराबाद नगर के मौहल्ला कायस्थवाड़ा में स्वामी शांतानंद महाराज का 28 वां महानिर्वाण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर 23 दिसम्बर को रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है तत्पश्चात 25 दिसम्बर को साधु संतों का आगमन होता है। महानिर्वाण दिवस के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें साधु संतों को भोग लगाने के बाद हजारों की तादाद में श्रद्धालु प्रसाद पाते हैं। गढ़मुक्तेश्वर, अवंतिका, भृगु क्षेत्र, उत्तरकाशी व हरिद्वार से आये बड़ी तादाद में साधु-संतों के आगमन से पूरा नगर पावन हो गया। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं

व प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंच शांतानंद महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के संयोजक विनोद ओझा व प्रमोद ओझा ने सभी आगंतुक साधु संतों को भोजन करा कर व कम्बल देकर उनका आशीर्वाद लिया। आयोजक संजय ओझा, राजीव शर्मा उर्फ बब्लू ओझा व पंकज ओझा ने बताया कि हमारे दादा स्वामी शांतानंद महाराज ने हरिद्वार में ही सन्तवेश में अपना देह त्यागा किया था। उनकी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम पिछले 27 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा है। इस बार 28 वां महानिर्वाण दिवस आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सन्तोष भारद्वाज, मनोज ओझा, राकेश ओझा, मनु ओझा, शिवम ओझा, लोकेश ओझा, सुनील राघव, अमित गोयल,मुकेश भारद्वाज, हरिकिशन शास्त्री आदि का विशेष सहयोग रहा। वहीं कार्यक्रम में सांसद भोला सिंह, अनूपशहर विधायक संजय शर्मा, स्याना विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, अनूपशहर ब्लॉक प्रमुख अतुल सिंह, जहाँगीराबाद ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान, श्यौपाल सिंह गुर्जर, स्वामी परमदेव महाराज, दामिनी गौड़, जिला पंचायत सदस्य पति रामपाल सिंह खालौर, नरेंद्र शर्मा, देवेंद्र भारद्वाज, हरेंद्र सिंह, हरिराज शर्मा, रामहरी गोयल, डॉ वीरेंद्र अग्रवाल, मनोज गुप्ता, ग्रीश गर्ग, शरद अग्रवाल, कृष्णकांत वार्ष्णेय, अविजित चौहान, कुणाल ओझा, दीपांशु ओझा, हिमेश ओझा, हर्षित गर्ग, सोनू भारद्वाज, कैलाश सैनी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

महाराजा बिजली पासी द्वारा कुल 12 किलों का निर्माण किया गया था: राजकुमार भुर्जी

आज का मुद्दा (आशीष कुमार)
बुलंदशहर : महाराजा बिजली पासी लखनऊ के बिजनौर गढ़ के राजा थे। जिनका राज्य 12वीं सदी के अंत में अवध के एक बड़े भूभाग पर स्थापित था। सरकारी अभिलेखों के अनुसार महाराजा बिजली पासी लखनऊ परिक्षेत्र के सम्राट थे। इनके राज्य में प्रजा बहुत सुखी थी उक्त विचार अपना दल एस बुलन्दशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने अपना दल एस के मोहल्ला बोबासाईं स्थित कैम्प कार्यालय पर व्यक्त किए जिला अध्यक्ष ने कहा महाराजा बिजली पासी द्वारा कुल 12 किलों का निर्माण किया गया था।

1- नटवागढ़ का किला 2- बिजनौरगढ़ का किला 3- महाराजा बिजली पासी किला 4- माती किला 5- परवर पश्चिम 6- कल्ली पश्चिम 7- पुराना किला 8-औरावां किला 9- दादूपुर किला 10- भटगांव किला 11- ऐनकिला 12- पिपरसेंड किला उत्तर में पुराना किला, दक्षिणी में नींवाढक जंगल सीमा सुरक्षा के रूप में कार्य करता था। इसके मध्य में महाराजा बिजली पासी का केन्द्रीय किला सुरक्षित था। महाराजा बिजली पासी के अंतर्गत 94,829 एकड़ भूमि अथवा 184 वर्ग मील का भू-भाग सम्मिलित था।राजा बिजली पासी का राज्य काल गांजर युद्ध तक माना गया है,राजा बिजली पासी सर्वप्रथम अपनी माता की स्मृति में बिजनागढ की स्थापना की थी जो कालांतर में बिजनौरगढ़ के नाम से संबोधित किया जाने लगा। इसके बाद उन्होंने अपने पिता की याद में बिजनौर गढ़ से उत्तर तीन किलोमीटर की दूरी पर पिता नाथांवन जी के नाम पर नथवागढ़ की स्थापना की। यह किला काफी भव्य और सुरक्षित था। इस मौके पर अपना दल एस बुलन्दशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी,जिला उपाध्यक्ष पुरषोत्तम सैन,स्याना विधान सभा अध्यक्ष शेंकी अम्बेडकर,कृष्ण कुमार पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद स्याना,भगवत जाटव,सौरव कुमार, जीतू सिंह पूर्व सभासद,बालकिशन बाल्मीकि, प्रेम बैरागी,शाकिर अंसारी,खुशी सागर जिला अध्यक्ष महिला मंच,संजना,आरती सागर, प्रिया,राजवती, ब्रह्मकोर,हरीश कुमार,विवेक, मनवीर,सुनील कश्यप, राकेश कुमार,
आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

ओवरलोड गन्ना भरे वाहन बन रहे बड़ा खतरा, प्रशासन अंजान

आज का मुद्दा (अमित कुमार) खानपुर :- क्षेत्र में गन्ने से लदे ओवर लोड ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली परेशानी का सबब बन रहे हैं। गन्ने से भरे इन ओवरलोड वाहनों से हादसों का अंदेशा हर समय बना रहता है। मिल प्रबंधन और प्रशासन इससे अंजान है। कस्बा खानपुर के मुख्य सड़क मार्ग से गुजरने वाली गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रक परेशानी कारण बन रहे हैं। इलाकों में लगे गन्ना क्रय केंद्रों से ट्रक तथा ट्रैक्टर ट्रालों से गन्ना ले जाया जा रहा है। ट्रांसपोर्ट ठेकेदार अधिक आमदनी के चक्कर में वाहनों में क्षमता से अधिक गन्ना लाद कर ले जा रहे हैं। ओवरलोड गन्ना भरा देखकर पास से गुजरने वाले वाहन चालक भयभीत हो जाते हैं। ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रक से राहगीर व दुकानदार सब चिंतित रहते हैं। उधर, बच्चे भी इन ट्रकों से जान जोखिम में डालकर गन्ना खींचते हैं। इस कारण कभी भी बडा हादसा हो सकता है।आए दिन ओवरलोड गन्ना ट्रक और ट्राली जब सड़कों के गडढों

या असमतल सड़कों से होकर गुजरती है तो उसके पलटने का खतरा बना रहता है। सबसे अधिक जोखिम सड़क पर चल रहे दूसरे राहगीरों को रहता है। बाजू से ऐसी ट्रक और ट्राली को क्रास करके गुजरना बाइक सवारों को कभी भी भारी पडने की आशंका बनी रहती है। इतना ही नहीं अक्सर ठसाठस भरी ट्राली से पीछे गन्ने गिरते भी रहते हैं। सड़क पर गिर रहे इन गन्नों से सबसे अधिक खतरा होता है। स्थानीय लोगों ने बताया जाता है जल्दबाजी के चक्कर में कटाई ठेकेदारों द्वारा लापरवाही पूर्वक गन्ने की ट्रक-ट्राली भरी जा रही हैं। उनके द्वारा गन्ने को ठीक से लोड नहीं किया जाता। इससे सड़क पर कोई गडढा आने ट्रक का जरा सा जर्क लगने पर लदे गन्ने नीचे सड़क पर गिरने लगते हैं। इनसे पीछे से आ रहे दूसरे वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ट्रक और ट्रालियों के पीछे कोई रिफ्लेक्शन या बैकलाइट नहीं होने से कई बार कोहरे में आने वाली गाड़ियां उन्हें देख नहीं पाती। जिससे दुर्घटना बढ़ती है। ओवरलोड वाहनों से मार्ग पर आए दिन हादसे का खतरा बना रहता है। मिल प्रबंधक और प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। जबकि, गन्ना लदे वाहन पलटने से पिछले वर्षों में कई बार हादसे हो चुके हैं। जिस कारण मिल प्रबंधन और प्रशासन इससे अंजान है।

अरविंद केजरीवाल के सामने शीला दीक्षित के बेटे, बीजेपी भी चलेगी दांव, नई दिल्ली सीट पर होगा त्रिकोणीय मुकाबला

(के0जी0 शर्मा) नई दिल्ली। दिल्ली की ब्रैंडेड विधानसभा सीट है। दिल्ली को मुख्यमंत्री देने वाली सीट है। चुनाव में से 6 बार यहां से जीते विधायक ही दिल्ली के मुख्यमंत्री बने हैं। सात बार हुए 1998 से 2020 के बीच हुए छह विधानसभा चुनाव में, शीला दीक्षित और अरविंद केजरीवाल अपनी-अपनी जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। इस सीट में अधिकांश हिस्सा एनडीएमसी एरिया में आता है, जहां कनॉट प्लेस और खान मार्केट जैसे हाई प्रोफाइल बाजार है, वहीं पृथ्वीराज रोड, गोल मार्केट, सुंदर नगरी जैसे पॉश रेजिडेंशल एरिया भी है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री आवास के साथ साथ सोनिया गांधी,राहुल गांधी जैसे दिग्गज नेता यहां के वोटर हैं। हालांकि कुछ हिस्सा झुग्गी और क्लस्टर का भी है तो पिलंजी गांव भी इलाके की पहचान है। वोटरों के लिहाज से 90 पर्सेंट वोटर सरकारी कर्मचारी हैं। इसके अलावा वाल्मीकि और धोबी समाज भी यहां का हिस्सा हैं। कुल मिलाकर यह सीट मिनी इंडिया का प्रतीक कही जा सकती है, बतौर सरकारी कर्मचारी पूरे देश के लोग यहां रहते हैं।

चंद घंटे में 150 मीटर की दूरी में दो एनकाउंटर, इत्तेफाक या कुछ और, कहां गायब हो गया सोविंद

(के0जी0 शर्मा) लखनऊ। बैंक लॉकर तोड़कर करोड़ों की चोरी की वारदात के मामले में हुई मुठभेड़ में एक तथ्य चर्चा का विषय बन गया है। क्योंकि एक इलाके में दोनों मुठभेड़ हुईं। दोनों घटनास्थल की दूरी तकरीबन 150 मीटर की ही है। ये महज एक इत्तेफाक है या फिर इसके पीछे की कहानी कुछ और है। ये पता नहीं चल सका है। लेकिन इसको लेकर कई सवाल बने हुए हैं। सोमवार सुबह आठ बजे चिनहट के लौलाई जलसेतु इलाके में पुलिस और चोरों के बीच पहली मुठभेड़ हुई। इसमें बिहार के मुंगेर का रहने वाला अरविंद कुमार घायल हुआ था और उसके दो साथी बिहार भागलपुर निवासी बलराम कुमार और मुंगेर निवासी कैलाश बिंद पकड़े गए थे। पुलिस के मुताबिक कार सवार चार बिहार के मिथुन कुमार, सोविंद कुमार, सन्नी दयाल और सीतापुर का विपिन कुमार कार से भाग गए थे।

भाजपा मंडल अध्यक्ष से 60 लाख की रंगदारी मांगी, न देने पर बेटे की हत्या की धमकी दी

(अंकुरित ओझा) गाजियाबाद। साहिबाबाद क्षेत्र में भाजपा के मंडल अध्यक्ष से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया है। इस मामले में मंगलवार को पीड़ित ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मुलाकात करके भी जल्द कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस की टीमें भी लगातार आरोपी की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हालांकि, अभी तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है, जिसके चलते पीड़ित और उनका परिवार काफी डरा हुआ है। करहेड़ा में रहने वाले भाजपा के मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान को सोमवार पत्र के जरिए 60 लाख रुपये रंगदारी की धमकी मिली थी। धमकी देने वाले ने रुपये नहीं देने पर उन्हें और उनके इकलौते बेटे की हत्या की धमकी दी थी। रंगदारी के लिए मंडल अध्यक्ष को 24 घंटे का समय दिया था। अनिल चौहान ने बताया कि वह मंगलवार को कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा से मिले और पूरे मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई। मंडल अध्यक्ष को धमकी मिलने के मामले में कैबिनेट मंत्री ने भी पुलिस अधिकारियों से बात की और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि पूरे मामले में पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं, जो लगातार विभिन्न थानों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इस मामले में धमकी भरा पत्र लेकर आने वाले मजदूर से भी पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों का पता करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

मकूंस प्री-स्कूल में धूमधाम से मनाया गया तुलसी दिवस व क्रिसमस- डे

आज का मुद्दा (अमित कुमार) डिबाई :- डिबाई नगर के शिव कॉलोनी स्थित मकूंस प्री-स्कूल में बुधवार को तुलसी दिवस व क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तुलसी पूजन से की गई,स्कूल प्रबंधिका रश्मि खुराना ने तुलसी व तुलसी के रूप में सुसज्जित कन्या का विधिवत पूजन किया तत्पश्चात स्कूल के सभी बच्चों ने सांता क्लाज की वेशभूषा में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। सभी बच्चों ने सांता क्लाज के साथ मौज मस्ती व डांस किया।सांता क्लाज ने सभी बच्चों को उपहार प्रदान किए। स्कूल प्रबंधक लवलीन खुराना,रश्मि खुराना,प्रधानाचार्य नीरू सिंघल एवम शिखा वार्ष्णेय, यशिका व मुस्कान आदि ने कार्यक्रम में क्रियाशील भूमिका निभाई व बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल प्रबंधक लवलीन खुराना ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

महाराजा बिजली पासी द्वारा कुल 12 किलों का निर्माण किया गया था: राजकुमार भुर्जी

आज का मुद्दा (अमित कुमार) बुलंदशहर :- महाराजा बिजली पासी लखनऊ के बिजनौर गढ़ के राजा थे। जिनका राज्य 12वीं सदी के अंत में अवध के एक बड़े भूभाग पर स्थापित था। सरकारी अभिलेखों के अनुसार महाराजा बिजली पासी लखनऊ परिक्षेत्र के सम्राट थे। इनके राज्य में प्रजा बहुत सुखी थी उक्त विचार अपना दल एस बुलन्दशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने अपना दल एस के मोहल्ला बोबासाईं स्थित कैम्प कार्यालय पर व्यक्त किए जिला अध्यक्ष ने कहा महाराजा बिजली पासी द्वारा कुल 12 किलों का निर्माण किया गया था। 1- नटवागढ़ का किला 2- बिजनौरगढ़ का किला 3- महाराजा बिजली पासी किला 4- माती किला 5- परवर पश्चिम 6- कल्ली पश्चिम 7- पुराना किला 8-औरावां किला 9- दादूपुर किला 10- भटगांव किला 11- ऐनकिला 12- पिपरसेंड किला उत्तर में पुराना किला, दक्षिणी में नींवाढक जंगल सीमा सुरक्षा के रूप में कार्य करता था। इसके मध्य में महाराजा बिजली पासी का केन्द्रीय किला सुरक्षित था। महाराजा बिजली पासी के अंतर्गत 94,829 एकड़ भूमि अथवा 184 वर्ग मील का भू-भाग सम्मिलित था।राजा बिजली पासी का राज्य काल गांजर युद्ध तक माना गया है,राजा बिजली पासी सर्वप्रथम अपनी माता की स्मृति में बिजनागढ की स्थापना की थी जो कालांतर में बिजनौरगढ़ के नाम से संबोधित किया जाने लगा। इसके बाद उन्होंने अपने पिता की याद में बिजनौर गढ़ से उत्तर तीन किलोमीटर की दूरी पर पिता नाथांवन जी के नाम पर नथवागढ़ की स्थापना की। यह किला काफी भव्य और सुरक्षित था। इस मौके पर अपना दल एस बुलन्दशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी,जिला उपाध्यक्ष पुरषोत्तम सैन,स्याना विधान सभा अध्यक्ष शेंकी अम्बेडकर,कृष्ण कुमार पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद स्याना,भगवत जाटव,सौरव कुमार, जीतू सिंह पूर्व सभासद,बालकिशन बाल्मीकि, प्रेम बैरागी,शाकिर अंसारी,खुशी सागर जिला अध्यक्ष महिला मंच,संजना,आरती सागर, प्रिया,राजवती, ब्रह्मकोर,हरीश कुमार,विवेक, मनवीर,सुनील कश्यप, राकेश कुमार,आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

स्वामी शांतानंद महाराज के 28 वें महानिर्वाण दिवस पर हुआ संत समागम

आज का मुद्दा बुलंदशहर/जहांगीराबाद नगर के मौहल्ला कायस्थवाड़ा में स्वामी शांतानंद महाराज का 28 वां महानिर्वाण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर 23 दिसम्बर को रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है तत्पश्चात 25 दिसम्बर को साधु संतों का आगमन होता है। महानिर्वाण दिवस के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें साधु संतों को भोग लगाने के बाद हजारों की तादाद में श्रद्धालु प्रसाद पाते हैं। गढ़मुक्तेश्वर, अवंतिका, भृगु क्षेत्र, उत्तरकाशी व हरिद्वार से आये बड़ी तादाद में साधु-संतों के आगमन से पूरा नगर पावन हो गया। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंच शांतानंद महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के संयोजक विनोद ओझा व प्रमोद ओझा ने सभी आगंतुक साधु संतों को भोजन करा कर व कम्बल देकर उनका आशीर्वाद लिया। आयोजक संजय ओझा, राजीव शर्मा उर्फ बब्लू ओझा व पंकज ओझा ने बताया कि हमारे दादा स्वामी शांतानंद महाराज ने हरिद्वार में ही सन्तवेश में अपना देह त्यागा किया था। उनकी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम पिछले 27 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा है। इस बार 28 वां महानिर्वाण दिवस आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सन्तोष भारद्वाज, मनोज ओझा, राकेश ओझा, मनु ओझा, शिवम ओझा, लोकेश ओझा, सुनील राघव, अमित गोयल,मुकेश भारद्वाज, हरिकिशन शास्त्री आदि का विशेष सहयोग रहा। वहीं कार्यक्रम में सांसद भोला सिंह, अनूपशहर विधायक संजय शर्मा, स्याना विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, अनूपशहर ब्लॉक प्रमुख अतुल सिंह, जहाँगीराबाद ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान, श्यौपाल सिंह गुर्जर, स्वामी परमदेव महाराज, दामिनी गौड़, जिला पंचायत सदस्य पति रामपाल सिंह खालौर, नरेंद्र शर्मा, देवेंद्र भारद्वाज, हरेंद्र सिंह, हरिराज शर्मा, रामहरी गोयल, डॉ वीरेंद्र अग्रवाल, मनोज गुप्ता, ग्रीश गर्ग, शरद अग्रवाल, कृष्णकांत वार्ष्णेय, अविजित चौहान, कुणाल ओझा, दीपांशु ओझा, हिमेश ओझा, हर्षित गर्ग, सोनू भारद्वाज, कैलाश सैनी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

आज का मुद्दा (अमित कुमार) बुलंदशहर :- सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के मेगा कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मोत्सव पर जनपद बुलन्दशहर के जिला सहकारी बैंक लि०, बुलन्दशहर के प्रांगण में बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मीराज सिंह के द्वारा द्वीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त अतिथियों के द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहकार से समृद्धि के उद्देश्य से सहकारी संस्थाओं को आत्मनिर्भर एवं मजबूत बनाने के लिये भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री सहकारिता अमित शाह के उद्बोधन को सुना

गया, जिसमें मा० मंत्री जी सहकारिता के द्वारा 10000 नवगठित एम० पैक्स, डेयरी एवं मतस्य सहकारी समितियों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुये समितियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र सौंपे गये। इस अवसर पर बैंक में बी-पैक्स के कृषक सदस्यों आनन्द अथर्व इकबाल, महबूब अली पदम सिंह सतीश पाल, श्री शिवम अंकित, हिमांशी रविन्द्र आदि को के०सी०सी० कार्ड व बैंक ग्राहकों श्री कौशल सिंह शिवम वर्मा हारून विपिन अग्रवाल, अस्मित गोयल, प्रदीप कुमार, गरीबा जितेन्द्र बृजेश पियूष कुमार होती लाल मुकेश कुमार दीपक कुमार, श्रीमती पूनम सैनी कौशल, आरिफ खान आदि को ए०टी०एम० कार्ड, पासबुक, चैक बुक एवं बैंक व बी-पैक्स के साथ सबसे अच्छा लेन-देन करने वाले कृषक व ग्राहकों राकेश सिरोही विपिन चौहान धर्मेन्द्र सिह ओमदत्त शर्मा एवं योगेश कुमार व कॉमन सर्विस सेन्टर के अंतर्गत सबसे उत्कृष्ट कार्य करने वाली जनपद बुलन्दशहर की तीन बी-पैक्स समिति नीमखेडा, केशुपुर सठला, धारकपुर को विधायक लक्ष्मीराज सिंह एवं अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, जिला सहकारी बैंक लि०, बुलन्दशहर, पीतम सिंह उपाध्यक्ष राजीव सिरोही योगेन्द्र कुमार, यशपाल सिंह राघव महेश चन्द, प्रेमवती आदि संचालकगण व हरिश्चन्द, सहकारिता प्रकोष्ठ अधिकारी बुलन्दशहर अमित त्यागी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, बुलन्दशहर अनिल कुमार, सचिव / मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला सहकारी बैंक लि०, बुलन्दशहर द्वारा मूमेन्टो वितरण किया गया।

एलिंगुवा स्कूल में धूमधाम के साथ क्रिसमस डे मनाया गया

आज का मुद्दा (अमित कुमार) बुगरासी :- कस्बे के एलिंगुवा द प्ले स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों ने क्रिसमस डे का पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान सेंटा क्लॉज ने बच्चों को उपहार भेंट किये। बच्चों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। स्कूल संचालक मौहम्मद साकिब ने सभी छात्र-छात्राओं को क्रिसमस डे के उत्सव के महत्व को विस्तार से बताया। कक्षा प्ले ग्रुप से के जी तक के विद्यार्थियों ने सेंटा की पोशाक पहनकर क्रिसमस सॉन्ग पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा जीसस क्राइस्ट और सेंटा क्लॉस के जीवन को सुंदर नाटय में प्रस्तुत किया गया । स्कूल अध्यापिका ने सेंटा बनकर बच्चों को विभिन्न उपहार भेंट किये। बच्चों के आकर्षक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। सेंटा ने बच्चों को उपहार के रूप में चॉकलेट व टॉफियां दीं। इस अवसर पर फरहा, शिवानी अग्रवाल, मुस्कान, नेहा, सुम्बुल, अदीबा आदि ने कार्यक्रम की व्यवस्था बनाई।

व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा- अनिल देशभक्त

आज का मुद्दा (अमित कुमार) बुगरासी :- कस्बे में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के बैनर तले व्यापारियों का एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कस्बे में कमेटी का गठन किया गया। सभी पदाधिकारियों को व्यापारियों के हित और अधिकारों व कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अनिल देशभक्त ने कहा कि व्यापारी समाज को हमेशा कुछ देता है। और व्यापारी के दिये गये टैक्स से ही सरकारें चलती हैं। कुछ भ्रष्ट अधिकारी व्यापारियों का बेवजह उत्पीड़न करते हैं। व्यापारी सुरक्षा फोरम किसी भी कीमत पर व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगी। संरक्षक रतलाल अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों की एकता हर समस्या से निपटने के लिये काफी होती है। हर व्यापारी की परेशानी में पूरा संगठन उसके साथ खड़ा है। जिला महामंत्री अनुज अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी सुरक्षा फोरम हमेशा से व्यापारियों के दुःख और परेशानियों के निदान के लिये कृत संकल्प है। उन्होंने कस्बे में व्यापारी सुरक्षा फोरम की इकाई के गठन पर सभी को बधाई दी। कस्बे की इकाई में राजीव गर्ग को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नरेश तायल, रवि साहब, यामीन मलिक, मनोज गर्ग, राकेश वर्मा संरक्षक बनाये गये। जबकि किशन तायल, असगर सैफी, राजेश सोनी, प्रभाष चौहान, इलयास कुरैशी, हुसैन अंसारी, कपिल गोयल व जसवंत सिंह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। महामंत्री संजय गोस्वामी व मीडिया प्रभारी मुकुल सिंह मनोनीत हुए। सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। अतिथियों में जिला संरक्षक गुलजार अहमद, रतनलाल अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, नीतीश अग्रवाल, शिवकुमार गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, मनोज गुप्ता, हेमन्त गुप्ता, पवन , ग्रीश कंसल आदि रहे।

January

S	M	T	W	T	F	S
			1	2	3	4
5	6	7	8	9	10	11
12	13	14	15	16	17	18
19	20	21	22	23	24	25
26	27	28	29	30	31	

February

S	M	T	W	T	F	S
						1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	

March

S	M	T	W	T	F	S
						1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	29
30	31					

April

S	M	T	W	T	F	S
		1	2	3	4	5
6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19
20	21	22	23	24	25	26
27	28	29	30			

May

S	M	T	W	T	F	S
				1	2	3
4	5	6	7	8	9	10
11	12	13	14	15	16	17
18	19	20	21	22	23	24
25	26	27	28	29	30	31

June

S	M	T	W	T	F	S
1	2	3	4	5	6	7
8	9	10	11	12	13	14
15	16	17	18	19	20	21
22	23	24	25	26	27	28
29	30					

2025

आरती

ऊँ जय कलाधारी हरे, स्वामी जय पौणाहारी हरे।
भक्त जनों की नैया, भव से पार करे ॥ ऊँ जय...
बालक उम्र सुहानी, नाम बालक नाथा-बाबा नाम बालक नाथा।
अमर हुए शिवजी से, सुनकर अमर गाथा ॥ ऊँ जय...
शीश पे बाल सुनैहरी, गल रूद्राक्षी माला-बाबा गल रूद्राक्षी माला।
हाथ में झोली-चिमटा, आसन मृग छाला ॥ ऊँ जय...
सुंदर शैली, सिंगी, वैरागन सोहे - बाबा वैरागन सोहे।
गऊ पालक रखवाला, भक्तां दा मन मोहे ॥ ऊँ जय...
अंग भभूत रमाई, मूर्ति प्रभु रंगी - बाबा मूर्ति प्रभु रंगी।
भय भंजन दुःख नाशक, भरथरी के संगी ॥ ऊँ जय...
रोट चढ़त रविवार को, फल मिश्री मेवा - बाबा फल मिश्री मेवा।
धूप, दीप, कुदनू से, आनंद सिद्ध देवा ॥ ऊँ जय...
भक्तन हित अवतार लियो, बाबा देख के कलु-काला।
दुष्ट दमन, शत्रुघन, भक्तन प्रतिपाला ॥ ऊँ जय...
तन-मन-धन सब है तेरा - बाबा सब कुछ है तेरा।
तेरा तुझको अर्पण, यही भाव हो मेरा ॥ ऊँ जय...
बाबा जी की आरती जो कोई नित गावे - बाबा प्रेम सहित गावे।
कहते हैं सेवक तेरे, सुख सम्मति पावे॥ ऊँ जय...
ऊँ जय कलाधारी हरे, स्वामी जय पौणाहारी हरे।
भक्त जनों की नैया भव से पार करे ॥ ऊँ जय...

July

S	M	T	W	T	F	S
		1	2	3	4	5
6	7	8	9	10	11	12
13	14	15	16	17	18	19
20	21	22	23	24	25	26
27	28	29	30	31		

August

S	M	T	W	T	F	S
					1	2
3	4	5	6	7	8	9
10	11	12	13	14	15	16
17	18	19	20	21	22	23
24	25	26	27	28	29	30
31						

September

S	M	T	W	T	F	S
	1	2	3	4	5	6
7	8	9	10	11	12	13
14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27
28	29	30				

October

S	M	T	W	T	F	S
			1	2	3	4
5	6	7	8	9	10	11
12	13	14	15	16	17	18
19	20	21	22	23	24	25
26	27	28	29	30	31	

November

S	M	T	W	T	F	S
						1
2	3	4	5	6	7	8
9	10	11	12	13	14	15
16	17	18	19	20	21	22
23	24	25	26	27	28	29
30						

December

S	M	T	W	T	F	S
	1	2	3	4	5	6
7	8	9	10	11	12	13
14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27
28	29	30	31			

महीना	पूर्णिमा	अमावस्या	संक्रांति	ज्येष्ठ रविवार	एकादशी	एकादशी	सिद्ध पीठ में मनाये जाने वाले त्यौहार
जनवरी	13 सोमवार	29 बुधवार	14 मंगलवार	19 रविवार	10 शुक्रवार	25 शनिवार	13 लोहडी / 21 स्थापना दिवस / 26 गणतंत्र दिवस /
फरवरी	12 बुधवार	27 गुरुवार	12 बुधवार	16 रविवार	08 शनिवार	24 सोमवार	02 बसंत पंचमी /25 महा शिवरात्रि
मार्च	14 शुक्रवार	29 शनिवार	14 शुक्रवार	16 रविवार	10 सोमवार	25 मंगलवार	14 होली / 30 चैत्र नवरात्र प्रारंभ /
अप्रैल	12 शनिवार	27 रविवार	14 सोमवार	20 रविवार	08 मंगलवार	24 गुरुवार	06 राम नवमी / 13 -14 बैसाखी / 30 अक्षय तृतीय
मई	12 सोमवार	27 मंगलवार	15 गुरुवार	18 रविवार	08 गुरुवार	23 शुक्रवर	
जून	11 बुधवार	25 बुधवार	15 रविवार	15 रविवार	06 शुक्रवार	21 शनिवार	
जुलाई	10 गुरुवार	24 गुरुवार	16 बुधवार	20 रविवार	06 रविवार	21 सोमवार	10 गुरु पूर्णिमा
अगस्त	09 शनिवार	23 शनिवार	17 रविवार	17 रविवार	05 मंगलवार	19 मंगलवार	07 गणेश चतुर्थी / 09 रक्षा बंधन एव गोगा जाहरवीर जी का छत्र स्थापना /15 स्वतंत्रता दिवस / 15-16कृष्ण जन्माष्टमी /16-17 गोगा नोव्मी /
सितम्बर	07 रविवार	21 रविवार	17 बुधवार	21 रविवार	03 बुधवार	17 बुधवार	22 शरद नवरात्र प्रारंभ /
अक्टूबर	07 मंगलवार	21 मंगलवार	17 शुक्रवार	19 रविवार	03 शुक्रवार	17 शुक्रवार	01 महानवमी/ 02 दशहरा /10 करवा चौथ / 18 धनतेरस / 21 दीपावली /22 गोवर्धन पूजा / 23 भाई दूज / 28 छठ पूजा
नवम्बर	05 बुधवार	20 गुरुवार	16 रविवार	16 रविवार	02 रविवार	15 शनिवार	
दिसम्बर	04 गुरुवार	19 शुक्रवार	16 मंगलवार	21 रविवार	01 /15 /सोमवार	30 मंगलवार	31 नया साल बाबे नाल

हापुड़ में सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती, दी श्रद्धांजलि

आज का मुद्दा-हापुड़। भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सुशासन सप्ताह कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि एमएलसी चंद शर्मा, एवं मुख्य विकार अधिकारी हिमांशु गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा द्वारा भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प चढ़ाते हुए उन्हे याद किया गया। इस दौरान लोक भवन लखनऊ में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण देखा गया।वही भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय पंडित



अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस पर प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला कार्यालय पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप ने फीता काटकर उद्घाटन किया इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई विलक्षण प्रतिभा के धनी थे अटल जी प्रधानमंत्री रहते हुए भी एक महान कवि विद्यमान थे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के दिखाए हुए मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता चल रहे हैं जिसका परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व पटेल पर चमक रही है जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी ने संपूर्ण जीवन पार्टी में देश की सेवा में लगा दिया

उनके जीवन से हमें बहुत कुछ सीखना चाहिए इसके उपरांत जिला अध्यक्ष नरेश तोमर के नेतृत्व में सभी भाजपाई गढ़ रोड स्थित अटल गौरव पार्क पर पहुंचे तथा माल्यार्पण कर अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वही देश के भूतपूर्व प्रधान मंत्री व भारत रत्न स्व.अटलबिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर हापुड पुलिस लाइन में जयन्ती मनाई गई।पुलिस अधीक्षक कुँवर ज्ञानन्जय सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र परमाल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा दीपप्रज्वलित किया।पुलिस अधीक्षक ने अटल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला

औरकहा कि उन्होने सदैव देश को उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए कार्यकिया।उन्होंने आह्वान किया कि उनके आदर्श व सिध्दांत को सभी जीवन मेंअपनाएं।

पिलखुआ में संघ के स्वयंसेवकों ने निकाला बालपथ संचलन

आज का मुद्दा-हापुड़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पिलखुआ नगर के तत्वाधान में तुलसी दिवस के अवसर पर संघ के बाल स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेष में कदमताल करते हुए बाल पथ संचलन निकाला। यह संचलन लाला गंगा सहाय धर्मशाला गांधी बाजार पिलखुवा से प्रारम्भ होकर, उमराव सिंह मार्किट, पुरानी पुलिस चौकी से मेन तिराहा होते हुए छिपीवाड़ा से गोविन्द मेडिकल स्टोर से वापस धर्मशाला संपन्न हुआ। 318 स्वयंसेवकों ने इस अवसर पर पूर्ण गणवेश में शहर के विभिन्न मार्गों पर घोष के साथ पथ संचलन निकाला। समस्त नगरवासियो एवं समाजसेवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं छोटे छोटे बच्चों को प्रतिभाग करते देख हर्षोल्लास के साथ जगह जगह पर एकत्र होकर पुष्प वर्षा से स्वागत किया। नगर के कुछ प्रतिष्ठित लोगों ने स्वंसेवकों का जलपान की व्यवस्था के साथ विद्यार्थियों के लिए पेंसिल किट का वितरण भी किया।इस अवसर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हापुड जिले के जिला प्रचारक विवेक कुमार ने अपने उद्बोधन में समाज में एकता व नागरिक कर्तव्यों व प्रकृति संरक्षण के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया और संघ के कार्यकताओं को संगठित होकर राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर संघचालक विपिन अग्रवाल, नगर कार्यवाह अभिषेक धीमान, नगर प्रचार प्रमुख मनोज सिसोदिया, एवं नगरकार्यकारणी के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

तुस्याना में अवैध प्लाटिंग कर रहे 18 कॉलोनाइजरों पर एफआईआर दर्ज

-ग्रेनो प्राधिकरण की तरफ से इकोटेक तीन कोतवाली में एफआईआर

-प्राधिकरण की चेतावनी, अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई का अभियान जारी रहेगा

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में स्थित तुस्याना गांव में प्लाटिंग कर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। प्राधिकरण की शिकायत पर इकोटेक तीन कोतवाली में 18 कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की परियोजना विभाग के वर्क सर्किल -3 की तरफ से ईकोटेक थ्री कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है, जिसके मुताबिक तुस्याना गांव के खसरा संख्या 517, 964, 967, 975, 981, 984, 985, 992 और 1007 की जमीन पर कॉलोनाइजरों द्वारा प्लाटिंग कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। इसे रोकने के लिए प्राधिकरण की तरफ से कई बार नोटिस जारी की गई। मौके पर भी जाकर कार्य को रुकवाया गया, लेकिन कॉलोनाइजरों ने चोरी- छिपे प्लाटिंग कर निर्माण जारी रखने की कोशिश कर रहे थे, जिसके चलते प्राधिकरण के परियोजना विभाग की तरफ से सत्यवीर, शहादत अली, धनी उर्फ धनीराम, गोविंद शर्मा, सुनील बंसल, हरिश्चंद्र अरोड़ा, सहादत खान, मोनू खान, निजाकत अली, मोहब्बत, दयाराम शर्मा, कृष्ण शर्मा, शिवराम शर्मा, अमित कुमार, अंकित राजू, धूम सिंह (फरमान सैफी) और नावेद आलम के खिलाफ धारा 329 (3) और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्राधिकरण के मुताबिक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मास्टर प्लान में इन जमीनों पर प्राधिकरण की योजनाएं प्रस्तावित हैं। अवैध निर्माण से उन प्रस्तावित परियोजनाओं पर असर पड़ता। इसी के चलते परियोजना विभाग की शिकायत पर ईकोटेक तीन कोतवाली में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। बताया गया है कि इन खसरा नंबरों की जमीन को फ्री होल्ड बताकर भोली -भाली जनता की गाढ़ी कमाई को लगवाया जा रहा था। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने साफ कहा है अधिसूचित एरिया में किसी को भी बिना अनुमति निर्माण करने की छूट नहीं है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि इन कालोनाइजरों के झांसे में फंसकर अपनी गाड़ी कमाई को ना फंसाएं। प्राधिकरण के अनुसूचित एरिया में अपना पैसा लगाने से पहले प्राधिकरण से उस संपत्ति के बारे में जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

अनूपशहर मे बाल एवं शिशु पथ संचलन: नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत,मुख्य वक्ता ने समृद्ध एवं गौरव पूर्ण सांस्कृतिक विरासत को आगे बढाने की कही बात

पोषित कुमार(आज का मुद्दा) अनूपशहरः नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बाल एवं शिशु पथ संचलन निकाला। जिसका कस्बे मे जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला प्रचार प्रमुख अखिलेश कुमार ने बौद्धिक देते हुए कहा कि हमें अपने समृद्ध एवं गौरव पूर्ण सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करना चाहिए। बालक राष्ट्र की बहुमूल्य निधि होते हैं। सुरक्षित, सुसंस्कृत ,चरित्रवान राष्ट्र प्रेमी बालको पर राष्ट्र का विकास निर्भर करता है। नागरिकों को अपने बालकों को सुशिक्षित, सुसंस्कृत, राष्ट्रप्रेमी एवं सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखें तथा उपस्थित सभी बच्चों से देशहित में कार्य करने का आह्वान किया। पथ संचलन से पूर्व बालनिकेतन स्कूल में बाल स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ। शाखा के बाद अनुशासित स्वयंसेवकों का यह पथसंचलन कदम ताल मिलाते हुए कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए बबस्टरगंज स्थित कांतीप्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। इन लोगों की रही मौजूदगी इस अवसर पर जिला कार्यवाह सुनील कुमार, विभाग सह प्रचार प्रमुख अखंड प्रताप सिंह, जिला व्यवस्था प्रमुख अर्पित जैन,जिलासह शारीरिक प्रमुख विपुल वार्ष्णेय, सह जिला बौद्धिक प्रमुख प्रदीप कुमार, नगर कार्यवाह पुलकित, नगर प्रचारक आकाश कुमार सह नगर कार्यवाह अनुभव नगर शारीरिक प्रमुख अभिनव नगरव्यवस्था प्रमुख सोनू कुमार, मुकेश कुमार, मयंक, शिवांशु, निशांत, संजीव गुप्ता, सुरेंद्र कुमार,नमन आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

02 शातिर चोर गिरफ्तार, दिल्ली व हरियाणा से चोरी हुई दो मोटर साइकिल बरामद

आज का मुद्दा-हापुड़। थाना पिलखुवा पुलिस ने चैकिंग के दौरान 02 शातिर वाहन चोरो को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से दिल्ली व हरियाणा से चोरी की गई 02 मोटर साइकिल एवं अवैध असलहा बरामद किये गए है। जानकारी के अनुसार हापुड़ पुलिस द्वारा जनप मों अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 02 शातिर वाहन चोरो को एनएच 09 से ग्राम बडौदा हिन्दुवान जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण लोकेश पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम शाहपुर फगौता थाना पिलखुवा जनपद हापुड़, गगन पुत्र उपेंद्र निवासी ग्राम दौरो थाना डिबाई जनपद बुलंदशहर है। जिनके कब्जे से दिल्ली व हरियाणा से चोरी की गई 02 मोटर साइकिल एवं अवैध असलहा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर है। जिन पर पहले भी कई मुकदमें दर्ज है।

मतदान दिवस शाम 5 बजे तक जारी किए गए मतदान प्रतिशत और अंतिम मतदान आंकड़ों में अंतर पूरी तरह स्वाभाविक: भारत निर्वाचन आयोग

आज का मुद्दा-हापुड़। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं घटाने तथा मतदान के दिन 5:00 के बाद मतदान प्रतिशत (वीटीआर) के संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं का विस्तार से वर्णनकर इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा की गई शंकाओं का समाधान किया।भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और नियम आधारित बताते हुए सभी आरोपों और शंकाओं का सटीक जवाब दिया है।भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि शाम 5 बजे तक जारी किए गए मतदान प्रतिशत और अंतिम मतदान आंकड़ों में अंतर पूरी तरह स्वाभाविक है। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी मतदान केंद्रों से आंकड़ों का संग्रह और सत्यापन किया जाता है, जो रात 11:45 बजे तक जारी रहता है।भारत निर्वाचन आयोग ने यह भी बताया कि मतदान का अंतिम और वैध रिकॉर्ड फॉर्म 17सी में दर्ज किया जाता है, जो मतदान केंद्र बंद होते ही उम्मीदवारों के अधिकृत एजेंटों को सौंप दिया जाता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित है, जिसमें किसी भी प्रकार की हेरफेर असंभव है।मतदाता सूची का अद्यतन एक पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण प्रक्रिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया सख्त नियमों और प्रावधानों के तहत होती है। राजनीतिक दलों और जनता की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाती है, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो जाती है।भारत निर्वाचन आयोग ने इस विषय पर एक विस्तृत प्रश्नोत्तर भी जारी किया है, जिसमें मतदाता सूची की प्रक्रिया से जुड़ी हर शंका का समाधान दिया गया है। आयोग ने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और जांच-पड़ताल के लिए पर्याप्त तंत्र मौजूद हैं।भारत निर्वाचन आयोग ने "रोल टू पोल" प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया है। आयोग ने करीब 60 ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किए हैं, जहां राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को विभिन्न चरणों में शामिल किया गया है। राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया के हर चरण–मतदाता सूची के अद्यतन से लेकर मतदान और मतगणना तक–का अभिन्न हिस्सा हैं।मतदान प्रतिशत (वीटीआर) विषय पर एक विस्तृत एफएक्यूएसतैयार किया गया है, जो आयोग की बेवसाइट पर उपलब्ध है। भारत निर्वाचन आयोग ने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी को विस्तार में बताई गई प्रक्रियाओं के उपरांत कोई भी शंका नहीं रहनी चाहिए।

जरूरतमंद लोगो को विधायक ने वितरित किये कंबल

आज का मुद्दा-हापुड़। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना को कार्यान्वित करते हुए विधानसभा क्षेत्र हापुड़ के विधायक विजयपाल आढ़ती ने बुधवार को कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंदो को 100 कंबल वितरित किये गए। कंबल लेने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही गरीबो के चेहरे खिल गए। आपको बता दे कि विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोईभी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि चहुंओर विकास कार्य तेजीसे कराया जाय। ताकि लोगों को रोजगार के लिए अन्यत्र न जाना पड़े। शासनद्वारा गरीब, विधवा, विकलांगों के लिए ठंड से राहत के लिए कम्बल वितरण किएजा रहे हैं। जिसके तहत विधायक विजय पाल आढ़ती ने बुधवार को जरूरतमंद लोगो को ठंड से राहत दिलाने हेतु 100 कंबलो का वितरण किया। कम्बल से असहाय लोगो को ठिटुरन भरी सर्दी से राहत मिलेगी।

सहकारिता मंत्रालय द्वारा मेगा इंवेट का हुआ आयोजन

आज का मुद्दा-हापुड़। सहकारिता मंत्रालय द्वारा बुधवार को मेगा इंवेंट का आयोजन किया गया। इसकार्यक्रम का आयोजन विकास भवन में भी किया गया। इस अवसर पर नए किसानों केखाते खोले गए और उन्हें पासबुक, चैकबुक उपलब्ध कराई गई। साथ ही जिले के सातऐसे किसान जो समय से लेनदेन करते हैं, उन्हें सम्मानित करने का काम कियागया।सहकारिता मंत्रालय द्वारा मेगा इवेन्ट कार्यक्रम का आयोजन देश के गृहएवं सहकारिता की अध्यक्षता में नई दिल्ली के पूसा रोड स्थित आईसीएआर मेंआयोजित किया गया। इस मेगा इवेन्ट में सहकारिता मंत्री द्वारा 10 हजार नईएमपैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियों का संबोधन, उक्त समितियों केप्रशिक्षण मोडयूल की लांचिग, नव गठित सहकारी समितियों को प्रमाण पत्र,

रूपेकेसीसी, माइको एटीएम का वितरण किया गया। जनपद के विकास भवन मेंकार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के आयोजन से न केवल सहकारीक्षेत्र में प्राप्त महत्वपूर्ण उपलब्धियों का प्रचार प्रसार करने में मददमिलेगी। बल्कि लोगों को सहकारी क्षेत्र में शामिल होने तथा साझा समृद्धि कालाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा सकगा।कार्यक्रम में जनपद की सभी बी-पैक्स के सचिव, सभापति, केंद्रीय थोक एवंफुटकर सहकारी समिति के सभापति, इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं जनपद केसहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, समस्त अपरजिला सहकारी अधिकारी एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी ने भाग लिया।इस कार्यक्रम में 15 नए किसानों को उनका बैंक में खाता खोलकर, उनकोपासबुक, चैक बुक उपलब्ध कराई गई। साथ ही जनपद के सात किसानों जो समय सेलेन-देन करते है,उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जनपद मे रबी अभियानमें हापुड़ पूर्वी, मीरपुरकलां, सपनावत, झड़ीना तथा बक्सर को सबसे ज्यादानैनो डीएपी वितरण हेतु प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनपद मेंसमितियों के माध्यम से सबसे ज्यादा सीएससी द्वारा किए गए व्यापार के लिएसलारपुर, देवली तथा दौलतपुर ढ़ीकरी के सचिव एवं आंकिक को प्रमाण-पत्र देकरसम्मानित किया गया।

कांग्रेसियो ने सभी को दी क्रिसमस की बधाई

आज का मुद्दा-हापुड़। क्रिसमस पर हापुड के कांग्रेसजन ने बुलंदशहर रोड स्थित गिरजाघर पर पहुंच करसभी को क्रिसमस पर्व की बधाई दी और सभी लोगों के खुशहाली की कामना ईसामसीह से की। क्रिसमस के पर्व की बधाई देते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेकगोयल ने कहा हैं कि क्रिसमस का पर्व प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेशदेता है। यह लोगों को आपसी सहयोग, दया और करुणा की भावना को अपनाने के लिएप्रेरित करता है। उन्होंने कहा हैं कि क्रिसमस का त्यौहार प्रभु यीशु मसीहके जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा हैंकि क्रिसमस का त्यौहार मुख्य रूप से ईसा मसीह के जन्म का प्रतीक है। जिसेईसाई धर्म में पवित्र माना जाता है। यह दुनिया भर के ईसाइयों के लिए यीशुके जन्म के महत्व तथा उनके द्वारा लाए गए प्रेम और मुक्ति के संदेश परचिंतन करने का समय है। इस दौरान पूर्व सभासद इरफान अहमद, विक्की शर्मा, अमित सैनी, सुबोध शास्त्री, भरतलाल शर्मा, अरुण चौधरी, नोमित आदि लोग मौजूदरहे।

वीर बाल दिवस पर नोएडा में पथ संचलन आयोजित

नोएडा। वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नोएडा महानगर द्वारा बाल स्वयंसेवकों का पथ संचलन आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नोएडा के 15 विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बाल स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन और संस्कारों का विकास करना था। पथ संचलन के दौरान बाल स्वयंसेवकों ने एकता और समर्पण का परिचय देते हुए अपनी संगठित शक्ति का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम संघ प्रार्थना के साथ हुई और इसके बाद बाल स्वयंसेवकों ने पारंपरिक गणवेश में महानगर की विभिन्न मार्गों पर अनुशासित पथ संचलन किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने बाल स्वयंसेवकों की सराहना की और वीर बाल दिवस के इस विशेष आयोजन को सफल बनाने के लिए आरएसएस के प्रयासों की प्रशंसा की।आरएसएस के अधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि वीर बाल दिवस उन महान बलिदानों की याद दिलाता है जो देश के वीर बालकों ने अपने धर्म, संस्कृति और मातृभूमि की रक्षा के लिए दिए। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में उन्हीं मूल्यों को प्रेरित करने का प्रयास किया गया है।नोएडा के 15 स्थानों पर सफलतापूर्वक संपन्न इस पथ संचलन ने न केवल बाल स्वयंसेवकों बल्कि आम जनता में भी देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया।

इंजीनियर के आत्महत्या मामले में लिव इन पार्टनर युवती के खिलाफ केस दर्ज

नोएडा। सेक्टर-73 स्थित महादेव अपार्टमेंट के पास रहने वाले बीटेक पास इंजीनियर के आत्महत्या मामले में उसकी सहमति संबंध पार्टनर के खिलाफ सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने युवती के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-113 थाने की पुलिस को दी शिकायत में जलालाबाद के आजादनगर की रमाकांता ने बताया कि उनका बेटा उदित चंदेल सेक्टर-73 में किराये का कमरा लेकर रहता था। उसने 13 दिसंबर को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की जानकारी प्रीति सागर नाम की युवती ने शिकायतकर्ता महिला को दी थी। पीड़िता का आरोप है कि प्रीति सागर के उत्पीड़न के चलते उसके बेटे ने आत्महत्या की है। प्राथमिक जांच में सामने आया था कि उदित चंदेल लंबे समय से प्रीति के साथ सहमति संबंध में रह रहा था। बीटेक करने के बाद उसे अच्छी नौकरी नहीं मिली थी। वहीं प्रीति एक निजी कंपनी में काम करती है। आत्महत्या के पहले उदित ने एक सुसाइड नोट भी लिखा था जिसमें उसने प्रीति पर बात-बात में टोका-टोकी करने का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता महिला ने आशंका जताई है कि हो सकता है कि उसके बेटे की हत्या की गई हो और इसमें प्रीति ने सहयोग किया हो। पुलिस प्रीति सागर से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। शिकायतकर्ता महिला का यह भी कहना है कि उसको इसकी जानकारी नहीं थी कि बेटा उदित किसी के साथ सहमति संबंध में रह रहा है।

मुंबई में 34 साल से रह रहा एक बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई की कफ परेड पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए गए एक अभियान में मोईन हयात बादशाह शेख (51) को गिरफ्तार किया है। वह घुसपैठ के जरिए भारत आया और 34 साल तक मुंबई में रहा। चौंकाने वाली जानकारी ये है कि उसने फर्जी दस्तावेजों से बने मतदाता पहचान पत्र का इस्तेमाल कर लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में मतदान भी किया था। पुलिस ने मोईन के पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस समेत एक मोबाइल फोन जब्त किया है और आगे की जांच पुलिस कर रही है। बताया गया है कि अंबेडकरनगर इलाके से कफ परेड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया मोईन 1990 में बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ कर मुंबई पहुंचा था। बांग्लादेश के चटगांव का रहने वाला मोईन महज 17 साल की उम्र में अवैध रूप से भारत आया था। मुंबई के घाटकोपर, परेल, कुर्ला, गोवंडी और ठाणे के मुंब्रा में रहकर मोईन ने बच्चों को उर्दू और कुरान की शिक्षा दी। वह वर्तमान में कफ परेड में रहता था। कफ परेड में वह एक बड़े होटल में मौलाना के रूप में विदेश से आने वाले मुस्लिम समुदाय के साथ नमाज़ पढ़ने में भाग लेता था। उसने मुंबई में फर्जी दस्तावेज बनाए। इन दस्तावेजों की मदद से उसने मतदान भी किया। मोईन के जब्त मोबाइल फोन से पुलिस को सारी जानकारी मिल गयी है। मोइन की पत्नी बांग्लादेश में हैं और उसका बेटा विदेश में पढ़ाई कर रहा है। वह अपने बच्चों और पत्नी को मुंबई से बांग्लादेशी मुद्रा में पैसे भेजता था। मोईन ने 2021 में बांग्लादेश का दौरा किया। जांच से पता चला कि वह कोलकाता से चटगांव तक सीमा पार करने के लिए एजेंटों को भुगतान कर रहा था।

कनाडा में मानव तस्करी, भारतीय संस्थाओं और कॉलेजों की जांच कर रही ईडी

नई दिल्ली। ईडी मानव तस्करी के जरिये कनाडा सीमा से भारतीय लोगों को अमेरिका भेजने से संबंधित धन शोधन से जुड़े मामले में कनाडा के कॉलेजों और भारतीय संस्थाओं की संलिप्तता की जांच कर रही है। ईडी ने जानकारी देते हुए कहा कि जांच गुजरात के डिंगुचा गांव के रहने वाले चार सदस्यीय भारतीय परिवार की मौत से जुड़ी है, जो 19 जनवरी, 2022 को अवैध रूप से कनाडा-अमेरिका सीमा पार करने की कोशिश में तेज ठंड के कारण मारे गए थे। ईडी ने मुख्य आरोपी भावेश अशोक भाई पटेल और कुछ अन्य के खिलाफ अहमदाबाद पुलिस की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पटेल और अन्य पर आरोप है कि उन्होंने मानव तस्करी करके भारतीयों को अवैध रूप से कनाडा से अमेरिका भेजने की एक सुनियोजित साजिश रची थी। जांच में पहले पाया गया था कि इस मानव तस्करी गिरोह के हिस्से के रूप में आरोपी ने कनाडा स्थित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में अवैध रूप से अमेरिका जाने के चाह रखने वालों के लिए प्रवेश की व्यवस्था की थी।

मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से दुष्कर्म मामले में आरोपी को मिली उम्र कैद

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले की एक कोर्ट ने 2021 में मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवी चौधरी-इनामदार ने आदेश में कहा कि विक्रमगाड इलाके में रहने वाले दशरथ मारूति (45) के खिलाफ आरोप साबित हो गए हैं। अतिरिक्त लोक अभियोजक अरुण मसराम ने कोर्ट से कहा कि दिसंबर 2021 में पीड़िता मनोर इलाके में अपने घर में सो रही थी और उसकी मां बाहर गई हुई थी, तभी आरोपी वहां पहुंचा और महिला से रेप किया। उसके बाद आरोपी ने धमकी दी कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अप्रैल 2022 में महिला के गर्भवती होने का पता चला, जिसके बाद उसकी मां की शिकायत पर पुलिस ने रेप समेत विभिन्न आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। अभियोजक ने बताया कि परीक्षण के दौरान पीड़िता के भ्रूण का डीएनए आरोपी के डीएनए से मेल खा गया और इस सबूत को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और आरोपी को आजीवन कारावास की सजा के साथ 11 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया और निर्देश दिया कि यह राशि पीड़िता को मुआवजे के तौर पर दी जाए।

आर्मी वैन दुर्घटना में 5 जवानों की मौत, 4 जवानों की हालत गंभीर

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार शाम आर्मी वैन 350 फीट गहरी खाई में गिर गई। वैन में 18 जवान सवार थे। इसमें से 5 की मौत हुई । वहीं, 13 घायल हैं। इसमें से भी 4 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही सेना की तत्काल प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया। घायल जवानों को आसपास के अस्पताल में शिफ्ट किया है। सर्च ऑपरेशन खत्म हो गया है। सेना ने बताया कि काफिले में 6 गाड़ियां थी, जो पुंछ जिले के पास ऑपरेशनल ट्रैक से होते हुए बनोई इलाके की तरफ जा रही थीं। तभी एक वाहन के ड्राइवर के संतुलन खोने की वजह से वैन खाई में गिर गई। हादसे में शामिल सभी जवान 11 मराठा रेजिमेंट के बताए जा रहे हैं। सेना ने इस घटना में किसी आतंकी एंगल होने की संभावना नकार दी है।

मणिपुर में पुल के नीचे से 3.6 किलोग्राम विस्फोटक मिला, बड़े ब्लास्ट की थी साजिश

इंफाल। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में इंफाल-चुराचांदपुर मार्ग पर पुल के नीचे से असम राइफल्स, आर्मी और मणिपुर पुलिस ने 3.6 किलोग्राम विस्फोटक, डेटोनेटर और अन्य सामान बरामद किया है। उग्रवादी बड़े धमाके की तैयारी में थे। पिछले दो माह से असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस उग्रवादियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसके पहले आर्मी और मणिपुर पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान कई जगहों से 21.5 किलोग्राम वजन की 5 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की थीं।

चुनाव आते ही केजरीवाल बांटने लगे फ्री की रेवड़ियां, कर्ज में डूब रही दिल्ली

–राजनीतिक पंडितों का मानना फ्री की योजनाओं से बिगड़ेगी आर्थिक स्थिति

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली चुनाव में एक बार फिर अरविंद केजरीवाल रेवड़िया बांटने का काम कर रहे हैं। कभी महिलाओं को 2100 रुपए देने का ऐलान, कभी बुजुर्गों को मुफ्त इलाज, कभी दलित बच्चों के लिए स्कॉलरशिप, चुनावी मौसम में आम आदमी पार्टी हर कीमत पर दिल्ली की सत्ता पर काबिज होना चाहती है।

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की योजनाएं एक तरफ उन्हें वोट तो दिलवा सकती हैं, लेकिन दिल्ली की आर्थिक स्थिति पर इसका बुरा असर पड़ सकता है। अगर आरबीआई के ही पिछले कुछ सालों के आंकड़े निकाल कर देखें तो स्थिति चिंताजनक है। अगर दिल्ली की मुफ्त बिजली योजना की बात करें तो सालाना इस पर केजरीवाल की सरकार 3600 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। पानी की सब्सिडी पर भी सालाना 500 करोड़ तक का खर्च आ रहा है। इसके ऊपर महिलाओं को जो फ्री बस सेवा दी है, उस पर भी सरकार के खजाने से हर साल 440 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं।

अब इन फ्री योजनाओं से एक तरफ वोट तो मिल रहे हैं, लेकिन दिल्ली कर्ज में डूबती जा रही है। 2020 में दिल्ली पर 3,631 करोड़ रुपए का कर्ज था, यह 2021 में बढ़कर 9,464 करोड़ तक पहुंच गया। इसके बाद 2022 में 15,689 करोड़ और अब 2025 को लेकर कहा जा रहा है कि यही कर्ज 15,881 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है।

दिल्ली की आप सरकार का ही वित्त विभाग मानता है कि महिलाओं को जो 2100 रुपए हर माह देने का ऐलान किया है, इससे आर्थिक बजट बिगड़ सकता है। वित्त विभाग ने यहां तक कहा है कि महिला सम्मान पर जो अभी तक बजट का 15 फीसदी हिस्सा खर्च किया जा रहा है, अगर सब्सिडी का दायरा बढ़ा दिया जाता है तो यह आंकड़ा 20 फीसदी तक चला जाएगा। अब दिल्ली सरकार की तरफ से जो फ्री योजनाओं को चलाया जा रहा है, इस पर दिल्ली हाईकोर्ट भी चिंता जता चुका है। इसी साल 26 नवंबर को आतिशी सरकार को तब फटकार पड़ी थी जब कहा गया कि बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए ज्यादा काम नहीं किया गया है। तब हाईकोर्ट ने यहां तक कहा था कि राजनेता ना तो शहर के विकास के लिए पैसा खर्च कर रहे हैं और ना ही कहीं से पैसा इकट्ठा कर रहे हैं। केवल मुफ्त की योजनाओं पर पैसा खर्च किया जा रहा है।

कांग्रेस विधायक ने अल्लू को चेताया कहा- सीएम के खिलाफ कुछ भी बोला तो...

हैदराबाद। निजामाबाद (ग्रामीण) से कांग्रेस विधायक आर भूपति रेड्डी ने मंगलवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ कोई टिप्पणी की तो उनकी फिल्मों को राज्य में चलने नहीं दिया जाएगा। आर भूपति रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस कभी भी सिनेमा उद्योग के खिलाफ नहीं रही है। कांग्रेस सरकारों ने हैदराबाद में फिल्म उद्योग को स्थापित करने के लिए फिल्मी हस्तियों को जमीन दी। लेकिन पुष्पा जैसी फिल्में समाज के लिए लाभकारी नहीं हैं।

यह एक तस्कर की कहानी है। रेड्डी ने आगे कहा, आप (अल्लू अर्जुन) हमारे मुख्यमंत्री के बारे में कुछ भी कहने से पहले अलर्ट रहें। आप आंध्र प्रदेश से हैं और यहां रहने आए हैं। तेलंगाना के लिए आपका योगदान क्या है? हम 100 प्रतिशत चेतावनी दे रहे हैं। अगर आप अपने तरीके नहीं सुधारते, तो हम आपकी फिल्मों को तेलंगाना में चलने नहीं देंगे। यह बयान उस घटना के संदर्भ में आया है जिसमें 4 दिसंबर को पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी और उसका बेटा घायल हो गया था। उस घटना को लेकर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अल्लू अर्जुन की आलोचना की थी। रेड्डी ने यह भी आरोप लगाया कि अल्लू अर्जुन ने थिएटर में बिना अनुमति के फिल्म की स्क्रीनिंग की थी।

आज 14 राज्यों के 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय गुरुवार, 26 दिसंबर को राजधानी के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस मनाएगा। जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू असाधारण उपलब्धियों के लिए 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कुल 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। 17 में 7 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं। इस वर्ष यह पुरस्कार बच्चों को सात श्रेणियों में प्रदान किया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष वीर बाल दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुरस्कार विजेताओं व गणमान्य व्यक्तियों के साथ ही कुल करीब 3 हजार 500 बच्चे भाग लेंगे। भारत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करते हुए यह बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे।

इन सात श्रेणियों में मिलेगा पुरस्कार

मंत्रालय ने बताया कि 2024 में जिन सात श्रेणियों के तहत बच्चों को वीर बाल पुरस्कार प्रदान किए जाएगा। उनमें कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल और पर्यावरण मुख्य हैं। पुरस्कार के रूप में प्रत्येक विजेता को एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पत्र पुस्तिका प्रदान की जाएगी।

पीएम करेंगे सुपोषित पंचायत योजना का शुभारंभ

समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुपोषित पंचायत योजना की शुरुआत करेंगे और मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी का उद्घाटन भाषण होगा। इस समारोह का उद्देश्य युवा मस्तिष्कों को पोषित करने, उनकी रचनात्मकता बढ़ाने और विकसित भारत की भविष्य दृष्टि में योगदान के लिए उन्हें प्रेरित करने पर केंद्रित रहेगा। इस खास अवसर पर देशभर में माई गॉव, माई भारत पोर्टल पर ऑनलाइन गतिविधियां सहित देशभर के स्कूलों, बाल देखभाल संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों में कहानी सुनाने, रचनात्मक लेखन, पोस्टर बनाने, निबंध लेखन, कविता और प्रश्नोत्तरी जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अब पॉपकॉर्न पर भी लगेगा जीएसटी, यूजर्स सरकार के लेने लगे मजे

–यूजर्स बोले–सुनार की दुकान पर मिलेगा, क्या अब सांस लेने पर लगेगा टैक्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। जीएसटी काउंसिल की बैठक में सरकार ने कई फैसलों पर मुहर लगा दी है। केंद्र सरकार ने पुरानी गाड़ियों से लेकर पॉपकॉर्न तक पर जीएसटी लगाने का ऐलान कर दिया है, जिसके बाद पॉपकॉर्न खाने वाले परेशान हो गए हैं कि अब पॉपकॉर्न खाना भी मुश्किल हो गया है। सोशल मीडिया पॉपकॉर्न पर लगे जीएसटी को लेकर बहस छिड़ गई। जहां यूजर्स केंद्र सरकार के इस फैसले पर मजे ले रहे हैं। कुछ यूजर्स ने इस पर सरकार का बचाव भी किया तो कुछ ने इसे खुलेआम लूट बताया है।

कई लोगों का कहना है कि सरकारी खजाने इज्जत से भी भरे जा सकते हैं, लेकिन सरकार लूट मचाकर इन्हें भरना चाहती है। सबसे ज्यादा चोट थिएटर में जाकर फिल्म देखने वाले लोगों को पहुंची, जो हर हफ्ते एक फुल पॉपकॉर्न का पैक लेकर फिल्म के मजे लेते हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने शनिवार को हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में फैसला लेते हुए पॉपकॉर्न पर कैटेगरी वाइज जीएसटी लगाया था, जिसके बाद नेटीजंस ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी।

पॉपकॉर्न पर कैटेगरी वाइज जीएसटी की खबर जैसे ही फैली लोगों ने इस पर मीम बनाने शुरू कर दिए किसी ने कहा कि पॉपकॉर्न खरीदने से पहले जीएसटी स्लैब की पढ़ाई करनी पड़ेगी तो किसी ने कहा कि अब सांस लेने पर जीएसटी लगने की देर है। एक और यूजर ने लिखा कि कैरेमलाइज्ड पॉपकॉर्न पर 18 फीसदी जीएसटी ऐसा है मानो इसे सुनार की दुकान पर बेचा जाने लगेगा।

बता दें कि केंद्र सरकार ने जीएसटी की अलग-अलग कैटेगरी बनाई हैं, जिनमें रेडी टू ईट पॉपकॉर्न पर 5 फीसदी जीएसटी, लेबल वाले और डब्बा पैक पॉपकॉर्न पर 12 फीसदी तो वहीं कैरेमलाइज्ड पॉपकॉर्न पर 18 फीसदी जीएसटी लगाया गया है। यूजर्स ने मोदी सरकार से सवाल किया है कि सांस लेने पर जीएसटी कब लगा रहे हो। सोशल मीडिया पर पॉपकॉर्न को लेकर मीम की बाढ़ आ गई, लोगों ने पॉपकॉर्न का असली इज्जत का हकदार बताया तो कुछ ने कहा कि पॉपकॉर्न कंपनियों को बगैर प्रचार के ही इतनी प्रसिद्धि मिल गई है।

एक यूजर ने लिखा कि पॉपकॉर्न अब सभी स्नैक्स का सरदार बन गया है, लिहाजा इसे फूड इंडस्ट्री का राजा घोषित कर देना चाहिए। हालांकि जीएसटी पॉपकॉर्न के अलग-अलग फ्लेवर को लेकर लगाया गया है, लेकिन जनता तो जनता है और टांग खींचना उनका अधिकार जो ठहरा। इंटरनेट पर कैरेमलाइज्ड और सॉल्टेड पॉपकॉर्न पर टैक्स की तुलना की जा रही है और लोग इस पर केंद्र सरकार के मजे ले रहे हैं।

अयोध्या में राम दरबार सहित 18 मंदिर का निर्माण जारी, तुलसी दास के मंदिर का शिखर पूजन हुआ

अयोध्या । अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर में भव्य राम मंदिर का निर्माण चल रहा है। परिसर में राम दरबार सहित 18 मंदिर भी तैयार हो रहे हैं। इन मंदिरों के निर्माण में तेजी आ गई है। मंदिर परिसर में श्रद्धालु सुविधा केन्द्र (पीएफसी) भवन के निकट श्रीराम चरित मानस के रचयिता तुलसी दास का मंदिर बनाया जा रहा है। इसके शिखर का पूजन किया गया। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने परिसर में बन रहे मंदिरों की तस्वीरें जारी की हैं। इसमें रामायण कालीन महर्षियों और महापुरुषों के मंदिर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। सभी मंदिरों की तस्वीरें तीन तरफ से ली गई हैं, जो देखने में अद्भुत लग रही हैं। 161 फीट ऊंचे तीन मंजिला राम मंदिर का निर्माण दिसंबर, 2025 तक पूरा करने की योजना है। ग्राउंड फ्लोर से लेकर दूसरे फ्लोर तक की कुल ऊंचाई 60 फीट से अधिक होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को भूतल से प्रथम और दूसरे तल पर जाने में कोई असुविधा न हो, राम मंदिर ट्रस्ट इसके लिए लिफ्ट भी लगवा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर के पश्चिम में दो लिफ्ट भी बन रही हैं। एक लिफ्ट 24 लोगों की क्षमता वाली होगी। उत्तर दिशा में छह लोगों की क्षमता वाली एक लिफ्ट का भी निर्माण होना है। प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ यानी 22 जनवरी 2025 से पहले लिफ्ट का काम पूरा हो जाएगा।

सीएम सिद्धारमैया के नाम पर सड़क का नाम, बीजेपी बोली- यह मैसूर की समृद्ध विरासत का अपमान

बेंगलुरु (एजेंसी)। मैसूरु में एक सड़क का नाम कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नाम पर रखने से एक नया विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इस कदम के लिए अधिकारियों पर हमला बोला है। जनता दल (सेक्युलर) पार्टी और भाजपा ने इसे कर्नाटक के लोगों के साथ 'विश्वासघात और अपमान' बताया और फैसले को वापस लेने की मांग की। हेरिटेज शहर के नागरिक निकाय, मैसूर सिटी कॉर्पोरेशन ने मेटागल्ली में श्री लक्ष्मी वेंकटरमण स्वामी मंदिर सर्कल और रॉयल इन जंक्शन के बीच के हिस्से का नाम बदलकर सिद्धारमैया आरोग्य मार्ग करने का प्रस्ताव रखा और इस कदम पर सार्वजनिक सुझाव भी आमंत्रित किए गए।

कुछ रिपोर्टों से पता चलता है कि यह चामराजा विधायक हरीश गौड़ा थे जिन्होंने सबसे पहले सड़क के लिए सिद्धारमैया के नाम की सिफारिश की थी। जेडीएस ने सवाल किया कि एमसीसी कैसे सड़क का नाम सिद्धारमैया के नाम पर रख सकती है, जो मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाले में आरोपी हैं और जांच का सामना कर रहे हैं। जेडीएस ने कहा कि मैसूर महानगर निगम में कोई निर्वाचित बोर्ड नहीं है। कांग्रेस सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने अपना कर्ज चुकाने के लिए सड़क का नाम सिद्धारमैया के नाम पर रखने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री के नाम पर एक सड़क का नाम रखना न केवल ऐतिहासिक शहर मैसूर बल्कि पूरे राज्य के साथ विश्वासघात और अपमान है।

कर्नाटक सरकार द्वारा मैसूरु में एक सड़क का नाम बदलकर सीएम सिद्धारमैया के नाम पर करने के प्रस्ताव की रिपोर्ट पर बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य हर चीज का नाम टीपू सुल्तान या सिद्धारमैया के नाम पर रखना है...वे मैसूर के लोगों को क्या संदेश देना चाह रहे हैं? सिद्धारमैया ने उनकी जमीनें हड़प लीं, आरोपी नंबर बन गए। एमयूडीए घोटाले में 1, और अब एक सड़क का नाम उसके नाम पर रखा जा रहा है। यह मैसूर की समृद्ध विरासत का अपमान है।

एमयूडीएघोटाला मामले पर विधानसभा में चर्चा कराने की मांग उठी है और पिछले हफ्ते विधानसभा सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली थी। कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने एमयूडीए घोटाले पर बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र की मांगों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और उनसे उन जमीनों के बारे में भी बोलने को कहा जो कथित तौर पर पिछली बीजेपी सरकार के दौरान आरएसएस को आवंटित की गई थीं।

विपक्ष का खेल होगा खराब, एनडीए नेताओं के साथ जेपी नड्डा और अमित शाह की बड़ी बैठक, बना ये प्लान

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीआर अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस और भारतीय धड़े के तीखे हमलों के बीच, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने विपक्ष की कहानी का मुकाबला करने की पूरी रणनीति बना ली है। पार्टी ने एकजुट प्रतिक्रिया की रणनीति बनाने के लिए बुधवार को अपने एनडीए सहयोगियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर आयोजित बैठक एक घंटे तक चली और शाह की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया, जाति जनगणना पर बहस और सामाजिक न्याय की राजनीति जैसे प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित रही।

शाह ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू सहित गठबंधन नेताओं को संबोधित करते हुए कथित तौर पर इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस भाजपा को कमजोर करने के लिए झूठी कहानियां गढ़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने एनडीए से ऐसे प्रयासों का एकजुट होकर मुकाबला करने का आग्रह किया। सूत्रों ने कहा कि भाजपा का अपने सहयोगियों को केंद्रीय संदेश स्पष्ट है- विपक्ष के हमलों को प्रभावी ढंग से बेअसर करने के लिए एनडीए को एक एकीकृत मोर्चा पेश करना होगा।

बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे विशेष रूप से अनुपस्थित रहे। जद (यू) का प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन, जिन्हें ललन सिंह के नाम से भी जाना जाता है, ने किया, जबकि शिवसेना ने केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव गणपतराव जाधव को भेजा। अन्य प्रमुख उपस्थित लोगों में केंद्रीय मंत्री और जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी, टीडीपी नेता के. राममोहन नायडू, और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, जीतन राम मांझी और संजय निषाद शामिल थे। चर्चा के दौरान, शाह ने कथित तौर पर हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों, विशेष रूप से संसद के शीतकालीन सत्र से लिए गए सबक पर विचार किया। उन्होंने कांग्रेस पर ऐतिहासिक रूप से अंबेडकर की विरासत की उपेक्षा करने का आरोप लगाया, जबकि अब इसे राजनीतिक लाभ के लिए हथियाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा और उसके सहयोगियों को इस तरह के युद्धाभ्यासों का मजबूती से और एकजुट होकर जवाब देने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

हिमाचल में बर्फबारी के चलते 233 सड़कें बंद, चार पर्यटकों की मौत, वाहन फिसलने से कई घायल

*** अटल सुरंग के पास फंसे करीब 500 वाहनों के यात्रियों को सुरक्षित बचाया**

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश में बीते दो रोज से लगातार बर्फबारी का दौर जारी है। शिमला के नारकंडा, मनाली की अटल टनल सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो रही है। अटल टनल के पास मंगलवार रात को भी बर्फ गिरी है। इसके बाद अटल टनल को सैलानियों के लिए बंद किया गया है। मनाली के सोलांग तक ही सैलानियों की आवाजाही हो रही है। फिलहाल, आगे बर्फबारी अधिक हुई है।

उधर, बर्फबारी के चलते तीन नेशनल हाईवे सहित राज्य में 233 सड़कें बंद हैं। हिमाचल सरकार के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के किन्नौर, लाहौल एवं स्पीति, शिमला, कुल्लू, मंडी, चंबा और सिरमौर जिले के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई। जानकारों ने बताया कि शिमला के होटल में 70 प्रतिशत कमरे भरे हैं। उन्होंने बताया कि बर्फबारी के कारण कमरों की बुकिंग में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व और आपदा) ओंकार शर्मा ने बताया कि अटल सुरंग के पास फंसे करीब 500 वाहनों में मौजूद पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया।

खबरों के अनुसार, बर्फबारी के कारण पिछले 24 घंटे में हुई दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई तथा कुछ स्थानों पर वाहन फिसलने के कारण कई लोग घायल हुए। प्रशासन ने अभी तक मृतकों के बारे में अभी कोई जानकारी साझा नहीं की है। प्रशासन ने बताया कि शिमला में सबसे ज़्यादा 145 सड़कें बंद हैं, इसके बाद कुल्लू में 25 और मंडी में 20 सड़कें बंद हैं। वहीं बर्फबारी के कारण 356 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गए हैं, जिससे कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में दिसंबर में होने वाली बर्फबारी सेब के लिए अच्छी मानी जाती है, क्योंकि इससे मिट्टी को नमी मिलती है और इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है। अधिकारियों के साथ सड़क की स्थिति की समीक्षा करने के बाद सिंह ने कहा कि शिमला, कुल्लू-मनाली और डलहौजी में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि पर्यटकों की आमद को संभालने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है। सड़कों पर बर्फ हटाने के लिए दो 'स्नो ब्लोअर' सहित कुल 268 मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों तथा विशेषकर शिमला में कुछ स्थानों पर शुक्रवार शाम से रविवार दोपहर तक बारिश और बर्फबारी की संभावना जाहिर की है। शनिवार को बारिश की संभावना अधिकतम होगी। मौसम विभाग ने बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर और मंडी में भीषण ठंड के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है, जबकि भाखड़ा बांध जलाशय क्षेत्र और मंडी के बल्ह घाटी के कुछ हिस्सों में बृहस्पतिवार तक घने कोहरा छाए रहने की संभावना के चलते 'येलो' अलर्ट जारी किया है।

अनूपशहर में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती

पोषित कुमार(आज का मुद्दा) अनूपशहरः अनूपशहर नगर पालिका कार्यालय में प्रखर वक्ता, कवि एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई की 100वी जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हर्षित गर्ग एवं अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष ब्रजेश गोयल द्वारा की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष ब्रजेश गोयल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने अपना संपूर्ण जीवन देश एवं भारतीय राजनीति के लिए न्यौछावर कर दिया। उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वार्ष्णेय नगर सभा अनूपशहर के अध्यक्ष दीपेंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई एक कुशल राजनीतिक एवं प्रखर वक्ता थे। इस अवसर पर मनोज गोल्डी, सीपी सिंह, अफजल गाजी, बिट्टू चौधरी, विकास सूर्यवंशी आदि रहे।

स्टेयरिंग फेल होने से पिकप दस फीट नीचे पेड़ से जा कर टकराई

ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा

थाना रिसिया के आलिया बुल बुल चौराहे के निकट आसाम रोड हाइवे पर पिकप की स्टेयरिंग फेल हो जाने से अनियंत्रित होकर दस फीट गहरे गड्ढे में जाकर पेड़ से टकरा गई, जिस कारण ड्राइवर और खलासी को गंभीर चोटे आई है। यह घटना शाम साढ़े चार बजे की है,पिकप अयोध्या से पालथीन के बनडल भरकर नानपार जा रही थी,अचानक स्टेयरिंग फेल हो गई,और अनियंत्रित होकर सड़क की बाएं ढलान पर उतरकर पेड़ से जा टकराई,ड्राइवर और खलासी दोनो घायल हो गए।

जयंती पर पंडित मदन मोहन मालवीय व भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को याद किया

आज का मुद्दा (अमित कुमार) सिकंदराबाद :- नगर के पुराना जीटी स्थिति शास्त्री पब्लिक स्कूल पत्थरवाडा. में पंडित मदन मोहन मालवीय एव भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री, युग पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बड़े हर्ष एवं उल्लास से मनायी गयी 'प्रबंधक पूनम शर्मा ने उनके जीवन पर आधारित महत्वपूर्ण प्रसंगों को बच्चों को बताया ' मालवीय जी को कुशल पत्रकार एवं वाजपेयी जी को विख्यात राजनेता, कुशल वक्ता एवं लोकप्रिय कवि बताया ' वह हमेशा देश के प्रति समर्पित रहे ' परमाणु कार्यक्रम, सड़क योजना, मजबूत कृषक उनकी महत्वाकांक्षी योजना रहीं,उन्होंने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का उद्घघोष किया ' बच्चों द्वारा उनके जीवन पर आधारित कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। साथ ही क्रिसमस डे पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सेंटा क्लोज की भेष भूषा पहन कर कार्यक्रम प्रस्तुत किए ' इस अवसर पर भगवती देवी, पूनम यादव, मधु शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, भूमिका सिंह, सायमा,निशा यादव, नैना, निशा आदि का सहयोग रहा 'कार्यक्रम का संचालन मूनमून सिंह ने किया '

'मिसेज यूनिवर्स इंटरनेशनल 2024' में रनरअप 2 बनी पूजा वर्मा

आज का मुद्दा-दिल्ली। प्राइड ऑफ इंडिया मिस, मिसेज और मिस टीन इंडिया 2024 का भव्य ग्रैंड फिनाले 20 से 22 दिसंबर तक नई दिल्ली के रैडिसन ब्लू, पश्चिम विहार में शानदार तरीके से संपन्न हुआ। ग्रैंड फिनाले का नेतृत्व प्राइड ऑफ इंडिया की संस्थापक डॉ. जिमी गरिमा एवं सह संस्थापक गुड्डू कुरैशी द्वारा किया गया।जिमी गरिमा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देशभर से 50 से अधिक फाइनलिस्ट ने अपने राज्यों का गर्वपूर्वक प्रतिनिधित्व किया।कई शानदार राउंड्स के बाद, राष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा की गई जिसमें देबस्मिता साहू मिस इंडिया 2024, तोशी कोटांगले मिस टीन इंडिया 2024, डॉ. शेहा ठाकुर गोयल मिसेज इंडिया 2024 (G1), और सीमा नथानी मिसेज इंडिया 2024 (G2) चुनी गईं। इन प्रतिभाशाली विजेताओं ने अपनी प्रतिभा, बुद्धिमत्ता और उत्कृष्टता से सभी का दिल जीत लिया। वहीं प्राइड ऑफ इंडिया ग्रैंड फिनाले में पूजा वर्मा 'मिसेज यूनिवर्स इंटरनेशनल 2024' रनरअप 2 चुनी गई।उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता भारत के लिए वैश्विक मंच पर भी गर्व का क्षण साबित हुई है, जब अंतरराष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा की गई।निधि भारद्वाज को मिसेज यूनिवर्स इंटरनेशनल 2024, ख्वाहिश कोहली को मिस टीन वर्ल्ड इंटरनेशनल 2024 और श्रीपर्णा राय को प्राइड मिस यूनिवर्स 2024 के खिताब से नवाजा गया। ये विजेता भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करेंगी और देश की प्रतिभा, विविधता और सांस्कृतिक धरोहर को दुनिया के सामने प्रस्तुत करेंगी।इनकी उपलब्धियां प्राइड ऑफ इंडिया पेजेंट द्वारा स्थापित उच्च मानकों को दर्शाती हैं।सह संस्थापक गुड्डू कुरैशी ने बताया कि यह कार्यक्रम डीके पेजेंट ऑर्गनाइजेशन और काइनोवेडा के सहयोग से आयोजित किया गया।तीन दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में प्रतियोगियों ने पारंपरिक परिधान, ईवनिंग गाउन और सवाल-जवाब राउंड्स में हिस्सा लिया, जहाँ उन्होंने अपनी आत्मविश्वास और शैली का प्रदर्शन किया। प्राइड ऑफ इंडिया पेजेंट महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने का एक मंच है,जो उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करता है।

आरडब्ल्यूए ने अवैध पार्किंग से निजात दिलाने की उठाई मांग

नोएडा। सेक्टर-51 की आरडब्ल्यूए ने प्राधिकरण से सेक्टर में लगाई जाने वाली पार्किंग से निजात दिलाने की मांग की है। इसके साथ ही यातायात पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। ताकि लोगों को जाम की समस्या से दो-चार नहीं होना पड़े। आरडब्ल्यूए के महासचिव संजीव कुमार ने कहा कि सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन और सेक्टर-51 वीडीएस मार्केट के पास अवैध पार्किंग की समस्या आ रही है। फुटपाथ पर भी वाहन खड़े होने से लोगों को पैदल आने और जाने में दिक्कतों का समाना करना पड़ता है। आरडब्ल्यूए की प्राधिकरण से मांग है कि अवैध पार्किंग को समाप्त किया जाए। ताकि लोगों को राहम मिल सके। इसके साथ ही यातायात पुलिस से भी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

अटल सरकार में शुरू हुए व्यवस्था परिवर्तन के काम को आगे बढ़ा रहे हैं पीएम मोदी : पंडित मोहन लाल बड़ौली

चंडीगढ़/ सोनीपत, 26 दिसंबर।(शशि किरण अरोड़ा) - आज का मुद्दा--भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में बूथ स्तर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी को सुशासन दिवस के रूप में मना रही है। प्रदेश भर में अटल जी के जन्म दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सोनीपत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने श्रद्धेय अटल जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया और प्रदेशवासियों को सुशासन दिवस की शुभकामनाएं दी। बड़ौली ने कहा कि अटल जी हम सभी के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं और अटल जी दिखाए मार्ग पर भाजपा आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में सुशासन की व्यवस्था हुई और व्यवस्था परिवर्तन का काम शुरू हुआ जो अब मोदी सरकार में लगातार आगे बढ़ रहा है। बड़ौली ने कार्यकताओं के समक्ष अटल से जुड़ी बातें रखी और कार्यक्रम के बाद मीडिया के सवालों के जवाब भी दिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने गोहाना रोड स्थित छोटू राम धर्मशाला में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बड़ौली ने कहा कि अटल जी के दिखाए रास्ते पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वंचित और गरीब लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने विकसित भारत का जो सपना देखा था उस सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार काम कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा का तेजी से विकास हुआ है। भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन कर हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना भेदभाव के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। नायब सरकार अपने हर वादे को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

पत्रकारों के सवालों पर बोलते हुए पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस फाइव स्टॉर होटलों में बैठकर राजनीति करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा जमीनी स्तर पर राजनीति करती है और जनहित में कार्य करने वाली पार्टी है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि जनता की वोट की चोट से आज कांग्रेस सड़कों पर है। कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करती रही है। अब कांग्रेस पार्टी के झूठ का पर्दा जनता के सामने खुल चुका है।

कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, जिला महामंत्री निशांत छोक्कर, नवीन मंगला, कार्यक्रम के संयोजक नीरज अत्रे, पूर्व जिला अध्यक्ष डा. ओम प्रकाश अत्रे, राजीव जैन, ललित बतरा, हरिओम शर्मा, मनोज गुप्ता, राजकुमार कटारिया, मंडल अध्यक्ष नरेश वर्मा, मुकेश बतरा, सुरेंद्र मदान, आनंद हुड्डा, चरण सिंह जोगी, देवेंद्र कौशिक, अंजू दहिया, किरण बाला और प्रेमा तिवारी आदि मौजूद रहे।

बाबा साहब आंबेडकर जी का अपमान करना बीजेपी को महंगा पड़े गा सर्व शोषित समाज संघ इस की घोर निंदा करता है ! विक्रम कुमार थापर

राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम कुमार ने कहा कि बीजेपी की ये सोची समझी साजिश है जो भारत के संविधान को अब बदलना चाहते हैं

चंडीगढ़ : ( ) सर्व शोषित समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम कुमार थापर जी ने बाबा साहब आंबेडकर के बीजेपी के ओर जो देश के ग्रह मंत्री अमित शाह जी ने संसद में बाबा साहब के बारे में कहा उस बयान से जो पूरे भारत विवाद बड़ा ओर जगह जगह पर विरोध हुआ राजनीतक पार्टी ओर अलग अलग संगठन भी विरोध कर रहे अमित शाह जी ने जो कहा कि जो यह फैशन हो गया की आंबेडकर आंबेडकर आंबेडकर आंबेडकर आंबेडकर आंबेडकर नाम लेते हो इतना तो नाम भगवान का लेते तो 7 जनम स्वर्ग मिल जाता इस बयान पर आज सर्व शोषित समाज संघ की महत्वपूर्ण बैठक थी संगठन के संस्थापक एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम कुमार थापर उत्तर भारत के प्रमुख नेत्र सिंह नाभा सह संस्थापक सचिन कुमार चौटाला महासचिव सरदार कंवलजीत सिंहा महासचिव महेश कुमार रूबी हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष दर्शन ठाकुर पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा और भी वरिष्ठ मेंबर्स पदाधिकारी उपस्थित थे इस बैठक में इस बयान पर सब लोगों ने अपना अपना विरोध जातीय !

राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम कुमार ने कहा कि बीजेपी की ये सोची समझी साजिश है जो भारत के संविधान को अब बदलना चाहते हैं अगर इन को 2024 के लोक सभा मे 400 सीट मिल जाते तो अब तक संविधान बदल देती ये सरकार अमित शाह जी के जुबान पे दिल की बात आ गई ! ये अमित शाह क्या कहना चाहते है कि क्या जो लोग बाबा साहब आंबेडकर जी को मानते है वो क्या नरक मे जीवन जी रहे है क्या अब तक ओर भारत का संविधान कोई किसी एक समुदाय या धर्म का नहीं वो पूरे भारत की जनता का है सब लोगों को अमित शाह जी के बयान का विरोध करना चाहिए ! उत्तर भारत के प्रमुख श्री नेत्र सिंह नाभा जी ने बैठक में कहा कि बाबा साहब आंबेडकर जी

महामानव हैं गरीब मजदूर शोषित वंचित के ओर भारत के सभी लोगों के लिए वो भगवान सामान ही है किसी एक समुदाय के लिए नहीं सभी के लिए उन्होंने संविधान बनाया आज हम लोग जो हक से जी रहे है वो बाबा साहिब के ही वजह से है !

इस बैठक में संगठन के सभी वरिष्ठ अधिकारियों उपस्थित थे और इस बात पर भी विचार हुआ कि कैसे संगठन इस पर अपना विरोध जातीय श्री विक्रम कुमार थापर जी ने सभी वरिष्ठ मेंबर्स पदाधिकारी से अनुरोध किया की सब अपने अपने विचार ओर सुझाव दे तो इस बात पे सहमति बनी कि आने वाले दिनों मे पूरे भारत मे जहां भी सर्व शोषित समाज संघ आने वाले दिनों मे पूरे भारत मे इस मुद्दे को ले के सड़कों पर विरोध करे गई ओर गांव गांव मे भी कस्बों शहरों में भी विरोध प्रदर्शन करे गई ओर साथ साथ बाबा साहब आंबेडकर जी के विचार ओर ऊन की देश के प्रति योगदान को लोगो को सिमरन करे गई यहां तक सर्व शोषित समाज संघ की क्षमता हो गई या अन्य संगठन भी साथ मिल के कर बाबा साहिब आंबेडकर जी के विचार को ले के जाए गई बीजेपी के झूठ ओर सत्ता के लिए कुछ भी कहने ओर करने का जो बीजेपी के विचार संविधान पे हमला है सत्ता को बस हासिल करना ओर भारत के महापुरुषों का अपमान करना ये गलत है इसे सर्व शोषित समाज संघ नहीं होने दे गई

व्यापारी नेता पर सभासद को नगर पालिका में जिंदा जलाने की धमकी देने का आरोप:मुकदमा दर्ज,सभासद से बोला आरोपित;- मैं पुरे शहर का मालिक,नगर पालिका नाचती मेरे इशारे पर

पोषित कुमार(आज का मुद्दा) अनूपशहरः अनूपशहर नगर पालिका के वार्ड 17 के सभासद दिलीप भारद्वाज ने एक व्यापारी नेता पर नगर पालिका में दिखने पर जिंदा जलाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच प्रारंभ कर दी है।

अब समझिये पूरा मामला सभासद दिलीप भारद्वाज ने बताया कि वह 23दिसम्बर की सांयकाल पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह की जयंती मनाये जाने की नगरपालिका की सूचना पर अपने साथी सभासद पति चेतन शर्मा के साथ नगरपालिका कार्यालय गया हुआ था। आरोप है कि कार्यक्रम के समापन के बाद वहां मौजूद कस्बा निवासी व्यापारी मनीष ने सभासदों के बारे में आपत्तिजनक बातें कहीं।जिस पर विरोध जताने पर आरोपी ने गाली गलौच की तथा नगरपालिका आने पर जिंदा जलाकर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि वह पूरे शहर का

मालिक है तथा नगर पालिका उसके इशारे पर नाचती है। आरोपी अपने आप को व्यापार मंडल का अध्यक्ष बताता है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित सभासद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कारवाई शुरू कर दी है। अधिशासी अधिकारी गार्गी त्यागी ने बताया कि नगरपालिका परिसर में इस प्रकार की किसी घटना होने के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। क्या बोले अधिकारी इस संबंध में ट्रेनी क्षेत्राधिकार एवं कोतवाली प्रभारी आयुषी सिंह ने बताया कि सभासद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच प्रारंभ कर दी है. जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

विनय विंग्स नवजीवन संस्था ने महिलाओं को किया सम्मानित

***आज का मुदद नोएडा।** नोएडा से संचालित नवगठित संस्था विनय विंग्स नवजीवन ने नोएडा मीडिया क्लब में महिलाओं के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें महिलाओं और छोटी बच्चिओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चियों देशभक्ति तथा अन्य गानों पर अपनी प्रस्तुति भी दी।

संस्था की अध्यक्ष नीतू यादव ने बताया कि यूं तो भारत सरकार एवं परजदेश सरकार लगातार महिला उत्थान तथा बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ आदि में अपने कर्तव्य का निर्वहन पूर्ण रूप से कर रहीं हैं। लेकिन सरकार के साथ सामाजिक संस्थाओं का भी कर्तव्य है कि वे भी जिस दिशा मैं काम करती हैं।उसे वे पूरी निष्ठा से करें ताकि सरकार का उद्देश्य पूर्ण हो सके। इन सभी बातों को ध्यान मैं रखते हुए हमने विनय विंग्स की स्थापना की और नवजीवन के टैग के साथ इसको शुरू किया।इसी टैग लाइन के साथ हमने नोएडा मीडिया क्लब मैं इस सम्मान समारोह का आयोजन किया है।नीतू यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमने कोशिश की कि हमारे आसपास की महिलाओं और बच्चियों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया जाए और उनके हौसलों को नै उड़ान दी जाए।कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ आपसी तालमेल को सुचारु रखना था जिसमे हम कामयाब भी रहे। उन्होंने बताया की कार्यक्रम के दौरान छोटी बच्चियों ने कई भावात्मक प्रस्तुतिओं से सबका मन मोहा। साथ ही उपस्थित महिला समूहों ने भी इन प्रस्तुतियों का आनंद उठाया।कार्यक्रम के दौरान सभी को मोटोवेशन भी दिया गया कि किस तरह हम एक दूसरे की मदद से देश मैं बदलाव ला सकें। इस दौरान महिलाओं को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया गया और उन्हें सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए।साथ ही बच्चों को को स्टेशनरी आदि भेंट की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अभिमन्यु पांडेय जी द्वारा भी उपस्थित समूह को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम मैं मुख रूप से गुड़िया भदौरिया , रेखा यादव, ज्योति पटेल , प्रीति सिंह की उपस्थिति रही।

गौतमबुद्ध नगर बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रमेन्द्र भाटी बने अध्यक्ष,अजीत नागर बने सचिव



***आज का मुददा -ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर बार एसोसिएशन के चुनाव में एडवोकेट प्रमेन्द्र भाटी ने एक बार फिर शानदार जीत दर्ज करते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। यह उनकी तीसरी बार अध्यक्ष पद पर जीत है। कांटे की टक्कर वाले इस चुनाव में उन्होंने बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनोज भाटी बोडाकी को हराया। चार उम्मीदवारों के बीच हुए मुकाबले में संतोष बंसल तीसरे और जगत सिंह चौथे स्थान पर रहे।सचिव पद के लिए एडवोकेट अजीत नागर ने बड़ी जीत हासिल की।उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी एडवोकेट शोभाराम चंदीला को 444 मतों के अंतर से हराया।कोषाध्यक्ष पद पर अंकित भाटी 425 वोटो से विजयी।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बृजेश कुमार शास्त्री 222 वोटो से विजयी।कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर देवेन्द्र खारी 34 वोटो से विजयी।सहसचिव प्रशासनिक पद पर नवीन कुमार 95 वोटो से विजयी और सांस्कृतिक सचिव पद पर चंद्रकला उर्फ कशिश निर्विरोध मनोनीत की गयी।

शांतिपूर्ण मतदान और नई ऊर्जा

चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रही।विजयी उम्मीदवारों ने बार एसोसिएशन के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के विकास और वकीलों के हितों के लिए काम करने का संकल्प लिया।इस चुनाव को संगठन में नई ऊर्जा और अनुभव का समावेश माना जा रहा है।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को नई दिशा देने और वकीलों के हितों की रक्षा करने का भरोसा दिलाया।

हेमंत तिवारी बने उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी) वृन्दावन। परिक्रमा मार्ग स्थित बिंदु सेवा संस्थान अम्माजी गार्डन में ब्रज प्रेस क्लब एवं वृंदावन बाल विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी का अभिनंदन समारोह एवं समाज में पत्रकारिता की भूमिका पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें अपने विचार व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता हमेशा से समाज का दर्पण है। आज समाज में व्याप्त अनेक प्रकार की विसंगतियों और भ्रष्टाचार को उजागर करने का कार्य पत्रकारिता के माध्यम से बखूबी हो रहा है। फिर भी वर्तमान में ईमानदार, निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता की परम आवश्यकता है।

आईएफडबलयूजे के राष्ट्रीय सचिव सिद्धार्थ कालहंस ने कहा कि आज भी समाज का एक बड़ा तबका पत्रकारिता पर आंख मुदंकर विश्वास करता है। उस विश्वास को बनाए रखने के लिए पत्रकारों को अपना कर्तव्य और दायित्व पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ निभाना है। ताकि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता पर सब का विश्वास बना रहे। ब्रज प्रेस क्लब मथुरा के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु, एडवोकेट ने कहा कि पत्रकारिता एक कार्य नहीं बल्कि एक मिशन है और जो लोग इस मिशन से जुड़कर कार्य करते हैं, वो समाज के लिए भी प्रेरणास्त्रोत होते हैं। प्रमुख भाजपा नेता पंडित योगेश द्विवेदी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने कहा कि हेमंत तिवारी,सिद्धार्थ काल हंस और डॉक्टर कमलकांत उपमन्यु, एडवोकेट अत्यंत जुझारू और कर्मठ पत्रकार हैं। इन तीनों के लिए पत्रकारिता व्यवसाय नहीं बल्कि एक मिशन हैं। ये सभी पत्रकारों के सच्चे हितैषी और शुभचिंतक हैं। हम प्रभु से इन तीनों के स्वस्थ, समृद्ध जीवन और उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हैं। इससे पूर्व अखिल भारत भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, अंतर्राष्ट्रीय सेवायत परिषद, ब्राह्मण महासभा, हरिदास बिहारी फाऊंडेशन, राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ, ब्रजवासी तीर्थ पुरोहित पंडा सभा, प्रधानाचार्य परिषद, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, मंदिर देवालय समिति सहित विभिन्न देवालय-मंदिरों के प्रतिनिधियों ने अध्यक्ष बनने पर हेमंत तिवारी का नागरिक अभिनंदन कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर बिहारी लाल वशिष्ठ, कुमार धनंजय सिंह, चंद्रलाल शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, श्याम सुंदर गौतम, सत्यवान शर्मा, प्रह्लाद बल्लभ गोस्वामी, योगेंद्र बल्लभ गोस्वामी, मुकेश कृष्ण शर्मा, नवीन चौधरी, दुष्यंत दीक्षित, अर्जुन कुशवाह, आशीष चौहान, पवन ठाकुर, राजेंद्र शर्मा, महेशचंद्र भारद्वाज, रविकांत गौतम, आचार्य दीपक गोस्वामी, जगन्नाथ पोद्दार, दामोदर गोस्वामी, नवीन चंद्र गोस्वामी, पंडित बनवारी लाल गौड़, आचार्य लक्ष्मी नारायण मिश्र, चंद्र नारायण शर्मा, गोपाल शरण शर्मा, जितेंद्र कुमार गौतम, दीपू बरुआ, विष्णु गोला, सुंदर सिंह आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन वृंदावन विकास परिषद के संस्थापक अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने किया।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया जन्म शताब्दी समारोह

आज का मुद्दा
गौतम बुद्ध नगर : भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में लोक भवन लखनऊ के सभागार में जन्मशताब्दी समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इसी श्रृंखला में जनपद गौतम बुद्ध नगर में भी डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन करते हुए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के अध्यक्षता में लखनऊ के लोक भवन में आयोजित हो रहे मुख्य कार्यक्रम अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सजीव प्रसारण देखा गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के मूल्यों और सिद्धांतों पर गहनता के साथ प्रकाश डाला। उन्होंने कहा अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह मनाया गया। सुशासन सप्ताह का उद्देश्य यही है कि आम जनमानस की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ निस्तारण हो सके एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है, कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। हम सबको अटल जी की मूल्यों एवं सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित एकल काव्य पाठ्य व अटल जी एवं सुशासन भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एच आई एम टी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

नई दिल्ली में आयोजित 10000 नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों के शुभारंभ कार्यक्रम का विकास भवन सभागार में हुआ सजीव प्रसारण

आज का मुद्दा-गौतम बुद्ध नगर : आज सहकारिता मेगा इवेन्ट कार्यक्रम में 10000 नवगठित बहुउददेशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारम्भ भारत रत्न सी०सुब्रमण्यम सभागार एन०ए०एस०सी० कामप्लेक्स आई०सी०ए०आर० पूसा नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में की गई, जिसका लाइव स्ट्रीमिंग कार्यकम विकास भवन गौतमबुद्धनगर के सभागार में भी आयेजित कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सहकारिता विभाग से जुडे किसानों एवं सहकारी समिति के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में गौतमबुद्धनगर के 15 किसानों (नये सदस्यों) को पास बुक एवं ए०टी०एम० वितरण किया गया। इसी क्रम में बी-पैक्स में उत्कृष्ट योगदान हेतु अध्यक्षों/ सभापतियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया एवं बी-पैक्स के सचिवों उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य यथा सी०एस०सी०, जनऔषधि महासदस्यता अभियान आदि कार्यों हेतु मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता गौतमबुद्धनगर विवेका सिंह द्वारा किया गयी। इस कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के समस्त अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी व सहकारिता विभाग के अन्य अधिकारियों / कर्मचारी तथा मत्स्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

किसानों के सम्मान व स्वाभिमान के लिए देशव्यापी आन्दोलन करेगा संगठन : बलराज भाटी

आज का मुद्दा-नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट पर 27 दिसम्बर को होने वाली किसान स्वाभिमान महापंचायत के लिए भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कार्यकर्ताओ संग गांव लडपुरा ,ऐलनाबाद, मिल्क लचछी,रोजा,जलालपुर, आदि गावों में जनसंपर्क अभियान चलाकर किसानों के साथ गांवों में बैठक की।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन प्रशासन गौतमबुद्धनगर के किसानों के साथ दमनकारी निति अपना रहा है जो किसान अपनी समस्याओ की आवाज उठाता है और उस पर झूठे मुकदमें दर्ज कर जेल में डालने का काम कर रहा है यह प्रशासन की हिटलरसाही का भारतीय किसान यूनियन (बलराज) पुरजोर विरोध करती है और किसानों के सम्मान व स्वाभिमान के लिए देशव्यापी आन्दोलन करेगी।संगठन की

महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल ने कहा कि किसानों के हक और अधिकार की आवाज उठाकर किसान नेताओ ने कौन सा अपराध कर दिया जो किसानों के ऊपर गम्भीर धाराओं मै मुकदमें दर्ज कर जेल भेजा गया अपराधियों की तरह किसानों के साथ व्यवहार कि जा रहा है जो गौतमबुद्धनगर के सर्व समाज व किसानों के लिए दुख का विषय है।अब एकजुट होने का समय है किसानों ने 27 दिसम्बर को किसान स्वाभिमान महापंचायत में दलबल से पहुंचने का आश्वासन दिया है।इस अवसर पर किसान विरेन्द्र भाटी लडपुरा, राजपाल भाटी ऐलनाबाद, सुमित नागर रोजा, कालू गुर्जर जलालपुर, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी, यूथ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विपिन खारी, प्रदेश सचिव सोनू खारी,जिलाध्यक्ष योगेश वैष्णव, ब्रहमसिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल भाटी, जिला सचिव मनीष शर्मा, जिला अध्यक्ष युवा प्रवीण बैरागी, जिला महासचिव मनीष पीलवान ,योगेश शर्मा, लोकेश बैरागी, विरेन्द्र मावी, संजीव नागर आदि सैकडों,किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे

तुस्याना में अवैध प्लाटिंग कर रहे 18 कॉलोनाइजरों पर एफआईआर दर्ज

--ग्रेनो प्राधिकरण की तरफ से इकोटेक तीन कोतवाली में एफआईआर

--प्राधिकरण की चेतावनी, अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई का अभियान जारी रहेगा

आज का मुद्दा-ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में स्थित तुस्याना गांव में प्लाटिंग कर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। प्राधिकरण की शिकायत पर इकोटेक तीन कोतवाली में 18 कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की परियोजना विभाग के वर्क सर्किल -3 की तरफ से ईकोटेक थ्री कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है, जिसके मुताबिक तुस्याना गांव के खसरा संख्या 517, 964, 967, 975, 981, 984, 985, 992 और 1007 की जमीन पर कॉलोनाइजरों द्वारा प्लाटिंग कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। इसे रोकने के लिए प्राधिकरण की तरफ से कई बार नोटिस जारी की गई। मौके पर भी जाकर कार्य को रुकवाया गया, लेकिन कॉलोनाइजरों ने चोरी- छिपे प्लाटिंग कर निर्माण जारी रखने की कोशिश कर रहे थे, जिसके चलते प्राधिकरण के परियोजना विभाग की तरफ से सत्यवीर, शहादत अली, धनी उर्फ धनीराम, गोविंद शर्मा, सुनील बंसल, हरिश्चंद्र अरोड़ा, सहादत खान, मोनू खान, निजाकत अली, मोहब्बत, दयाराम शर्मा, कृष्ण शर्मा, शिवराम शर्मा, अमित कुमार, अंकित राजू, धूम सिंह (फरमान सैफी) और नावेद आलम के खिलाफ धारा 329 (3) और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्राधिकरण के मुताबिक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मास्टर प्लान में इन जमीनों पर प्राधिकरण की योजनाएं प्रस्तावित हैं। अवैध निर्माण से उन प्रस्तावित परियोजनाओं पर असर पड़ता। इसी के चलते परियोजना विभाग की शिकायत पर ईकोटेक तीन कोतवाली में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। बताया गया है कि इन खसरा नंबरों की जमीन को फ्री होल्ड बताकर भोली -भाली जनता की गाढ़ी कमाई को लगवाया जा रहा था। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने साफ कहा है अधिसूचित एरिया में किसी को भी बिना अनुमति निर्माण करने की छूट नहीं है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि इन कालोनाइजरों के झांसे में फंसकर अपनी गाड़ी कमाई को ना फंसाएं। प्राधिकरण के अनुसूचित एरिया में अपना पैसा लगाने से पहले प्राधिकरण से उस संपत्ति के बारे में जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

साक्षर हम फाउंडेशन द्वारा स्पीकिंग टैलेंट हंट प्रतियोगिता

आज का मुद्दा-नोएडा। शिक्षा और सशक्तिकरण में आशा की किरण साक्षर हम फाउंडेशन ने कंपोजिट स्कूल, निठारी, सेक्टर 31, नोएडा में एक सफल स्पीकिंग टैलेंट हंट प्रतियोगिता की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में युवा दिमागों के असाधारण वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भविष्य के नेताओं को आकार देने में प्रभावी संचार के महत्व पर जोर दिया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चंद्र भूषण एबीएसए, बेसिक शिक्षा विभाग ने छात्रों के आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में इस तरह की पहल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।उन्होंने इस प्रभावशाली कार्यक्रम के आयोजन में फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की।सम्मानित अतिथि लोकमंच के संस्थापक महेश सक्सेना, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश्वरी त्यागराजन, सरकारी स्कूलों नयाबांस, झुंडपुरा, मोरना, गिझोर, राजकीय स्कूल के

प्रधानाचार्य और मेजबान स्कूल कंपोजिट स्कूल निठारी के प्रधानाचार्य और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सम्मानित प्रतिनिधि,राखी बसु (आजतक), और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में गर्मजोशी और प्रोत्साहन लाया।उनकी उपस्थिति और मूल्यवान अंतर्दृष्टि ने छात्रों के बीच शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के सामूहिक मिशन को मजबूत किया।इस अवसर पर साक्षर हम फाउंडेशन की संस्थापक पियाली रॉय ने गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता सिर्फ जीतने के बारे में नहीं है,यह साहस, आत्मविश्वास और खुद को अभिव्यक्त करने की क्षमता पैदा करने के बारे में है। इस दौरान राखी बसु(आजतक), आशालता सचदेवा (आईओसीएल)और बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर की टीम को उनके सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।यह पहल शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के माध्यम से छात्रों को सशक्त बनाने की साक्षर हम फाउंडेशन की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। फाउंडेशन जीवन और समुदायों को प्रभावित करते हुए परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करना जारी रखता है।

स्वर्णकारों की देश व सामाजिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान : सरदार कुलतार सिंह सन्धवा

आज का मुद्दा-अमृतसर - पंजाब : अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ का दो दिवसीय 13 वां राष्ट्रीय महाधिवेशन व निर्वाचन अमृतसर स्थित गुरु नानक भवन में संपन्न हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंजाब विधानसभा स्पीकर सरदार कुलतार सिंह सन्धवा ने कहां कि देश व समाज की उन्नति में स्वर्णकार समाज का सदियों से महत्वपूर्ण योगदान रहा है हर युग में स्वर्णकार ने भगवानों महिलाओं व पुरुषों को सोने व चांदी के आभूषणों से सजाने का काम किया है, इतना ही नहीं स्वर्णकरो ने अपने परिवार समाज एवं देश को भी एक सूत्र में पिरोकर देश की एकता व अखंडता को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सन्धवा ने उम्मीद जताते हुए सभी उपस्थित स्वर्णकार

बन्धुओं से अपील करते हुए कहां कि वे संगठित रहकर अपने परिवारो, बच्चों,समाज व देश की तरक्की के लिए कार्य करते हुए देश व समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही कुलतार सिंह सन्धवा ने स्वर्णकारों को आस्वस्त करते हुए कहा कि स्वर्णकार समाज की भलाई के लिए, उनकी उन्नति के लिए, अथवा उनकी किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनसे जो भी संभव हो सकेगा वे सहयोग करेंगे। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया जिसमें यशपाल चौहान राष्ट्रीय अध्यक्ष व रवि वर्मा राष्ट्रीय महासचिव निर्वाचित हुए।

अमृतसर - पंजाब-
अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ (3545)के 13 वां राष्ट्रीय महा अधिवेशन, सम्मान समारोह, व राष्ट्रीय पदाधिकारियों का चुनाव गुरु नानक भवन ऑडिटोरियम अमृतसर में संपन्न हुआ, जिसमें यशपाल चौहान पंजाब राष्ट्रीय अध्यक्ष तो उत्तर प्रदेश के रवि वर्मा को राष्ट्रीय महासचिव पुनः सर्वसम्मति से चुन लिया गया।अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय नवनियुक्त अध्यक्ष यशपाल चौहान ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महासचिव रवि वर्मा, सचिव रविकांत वर्मा, उपाध्यक्ष संजय वर्मा को बनाया गया है। महाधिवेशन में पंजाब विधानसभा स्पीकर सरदार कुलतार सिंह सन्धवा, तेलंगाना के पूर्व प्रथम स्पीकर व विधायक मधुसूदन कोडोचार्य जीवन वर्मा विधायक बिहार श्री प्रीतम सिंह पवार विधायक धन्लौटी उतराखड श्री अमन शेर सिंह शेरी, कलसी विधायक बटाला अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ 3545 के श्री यशपाल सिंह चौहान पंजाब व श्री रवि वर्मा राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश गाज़ियाबाद निर्विरोध निर्वाचित हुए , उत्तर प्रदेश से सचिव नंद गोपाल वर्मा पत्रकार व सामाजिक चिंतक, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रताप वर्मा, महिपाल वर्मा, रामकुमार वर्मा, कौशल वर्मा, राजकुमार वर्मा, प्रकाश वर्मा, हरिओम वर्मा, अशोक वर्मा समेत देश भर के विभिन्न प्रदेशों के लोगों ने चुनाव में भाग लिया। जिनका स्वर्णकार संघ अमृतसर व स्वर्णकार संघ पंजाब ने जोरदार आयोजन कर गर्म जोशी के साथ स्वागत सम्मान और सत्कार किया जिसकी सभी उपस्थित जनों ने सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी

प्रज्ञान की कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक जीता

आज का मुद्दा-जेवर। प्रज्ञान पब्लिक स्कूल, जेवर की कबड्डी टीम ने ह्यगौतम बुद्ध नगर रीजनल स्टैयर्स स्कूल गेम्स - 2024 में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता राव कासल पब्लिक स्कूल, कासना, नोएडा (उत्तर प्रदेश) में 24 दिसंबर 2024 से 25 दिसंबर 2024 तक आयोजित की गई। विद्यालय की कबड्डी टीम ने अपने कोच प्रवीण कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। टीम के खिलाड़ियों - अभिषेक, मयंक, प्रियंजल, सिद्धार्थ, मधु सूदन, काशिम, यश और हिमांशु ने अद्भुत खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीमों को पराजित किया।उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने विद्यालय परिवार को गर्व से भर दिया। स्वर्ण पदक की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल छा गया। प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. हरीश कुमार शर्मा और प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा ने विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों और उनके कोच को हार्दिक बधाई दी।उन्होंने इस सफलता को खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम बताया।शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष श्री गजेंद्र सिंह यादव और अन्य शिक्षकों ने भी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय की यह प्रतिभाशाली टीम भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेगी।

स्थानीय निकाय के सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

आज का मुद्दा-जेवर। विकासखंड जेवर के द डिवाइन मदर इंटरनेशनल स्कूल नीमका में खंड शिक्षा अधिकारी जेवर मौहम्मद राशिद की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य राज सिंह यादव तथा खण्ड विकास अधिकारी अशोक पाल सिंह ने दीप प्रज्वलन किया और नगला बंजारा के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी अशोक पाल सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों व स्थानीय निकाय के सदस्यों से विद्यालय में सहयोग की अपील की।एडीओ पंचायत विनोद गोयल द्वारा कायाकल्प के अंतर्गत सभी 19 पैरामीटर पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।हर बच्चा विद्यालय आए और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ ले।डाइट मेंटर राजेश खन्ना ने डीबीटी के बारे में सभी को अवगत कराया कि अभिभावकों को प्राप्त राशि से समय से बच्चों की ड्रेस, जूता मोजा और स्वेटर प्राप्त हो जाए। एसआरजी अशोक कुमार ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन से लेकर उसके कार्यों की पूरी जानकारी प्रदान की।एआरपी रति गुप्ता द्वारा विभाग से प्राप्त शैक्षणिक सामग्री और योजनाओं और बालिका शिक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया।एआरपी सारिका गोयल ने शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाली सुविधाओं और प्रत्येक बच्चे के नामांकन बढ़ाने हेतु विशेष ध्यान देने की बात कही।एआरपी अर्चना शिरोमणि और महेश कुमार ने विद्यालयों में हुए काया कल्प की स्थिति से सबको अवगत कराया।अंत में खण्ड शिक्षा अधिकारी जेवर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

डीसीपी राम बदन सिंह ने किया महाकौथिग मेले का शुभारम्भ

आज का मुद्दा-नोएडा। नोएडा स्टेडियम में चले रहे 14वें महाकौथिग मेले के पांचवें दिन सुबह का सत्र सुपर मांम के नाम रहा।इससे पहले पांचवे दिन सुबह के सत्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डीसीपी राम बदन सिंह नोएडा ने रिबन काट कर किया।जिसके बाद विधिवत रूप से सुबह के सत्र के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे सीमा द राइजिंग स्टार के द्वारा सर्वप्रथम मां नंदा देवी की वंदना से शुरूआत की गई।उसके बाद सुपर मोम प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमे 17 सुपर मोम ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता मे मुख्य जज की भूमिका मे कल्पना चौहान, हेजल खुराना तथा निर्मला पालीवाल रही। जजों ने प्रतिभागियों से मंच पर कैटवॉक हो या उत्तराखंड से संबंधित खानपान, वस्त्र, आभूषण, बोली या उनके सामाजिक योगदान को लेकर प्रश्न उत्तर किए गए।सुपर मॉम प्रतियोगिता की विजेता दीपिका रावत बनी, जबकि दूसरे स्थान पर शारदा अधिकारी, तथा तीसरा स्थान मीणा लिंगवाल ने हासिल किया।इसके साथ ही विशेष पुरस्कार मे बिगरेली बांद का पुरस्कार शीला पंत तथा लंबी धौंपेली का पुरस्कार नीमा बिष्ट को दिया गया।सुबह के सत्र का समापन पांडवाज टीम एक्सपर्ट मयूर विहार फेस 3 की बेहतरीन प्रस्तुति से हुयी।शाम के सत्र मे मुख्य आकर्षण सीमा पवार द्वारा कोरियोग्राफ शिव वंदना साथ रहेगी. जिसके बाद प्रसिद्ध कलाकारों की विशेष प्रस्तुति मे लोकगायिका स्वरकोकिला कल्पना चौहान, लोकगायक प्रकाश काहला, लोकगायक राकेश गुसाईं, लोकगायिका सरोज के गीतों की धूम रहेगी।

अधिकारियों ने रैन बसेरे का निरीक्षण किया

आज का मुद्दा-नोएडा। जनपद में शीत लहर और ठंड को देखते हुए गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से सुरक्षित रखने के लिए डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट नोएडा के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरों का संचालन, अलाव तथा अन्य राहत कार्य कराये जा रहे हैं। नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्रा द्वारा नोएडा में रात्रि कालीन भ्रमण के दौरान नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21 में संचालित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने रैन बसेरे में सभी मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जोकि संतोष जनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।